
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 06 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 17 अंकः 209 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



22 दिन बाद चंद्रमा की ऑर्बिट में पहुंचा चंद्रयान-3। 14 जुलाई को पृथ्वी से चांद के लिए निकला था, 23 अगस्त को होगी लैंडिंग।

Government Of India | आज़ादी का अमृत महोत्सव

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

## दिल्ली के 3 स्टेशनों का भी होगा पुनर्विकास










### ₹25 हजार करोड़ की लागत से 508 स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास
### दिल्ली के 3 स्टेशन ₹424 करोड़ की लागत से बनेंगे आधुनिक

- स्टेशन का शहर के सिटी सेंटर के रूप में होगा विकास, जहाँ होंगे रूफ प्लाज़ा, शॉपिंग ज़ोन, फूड कोर्ट, चिल्ड्रन प्ले एरिया जैसी कई सुविधाएँ
- यात्रियों की सहूलियत के लिए होंगे अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, मल्टी-लेवल पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवलेटर, एग्जीक्यूटिव लाउंज, वेटिंग एरिया, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएँ
- कनेक्टिविटी के मल्टी-मॉडल एकीकरण से पुनर्विकसित स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक प्रगति के केंद्र

**दिल्ली के पुनर्विकसित होने वाले रेलवे स्टेशन**

दिल्ली छावनी | नरेला | सब्जी मण्डी

परियोजना का शिलान्यास
## नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के द्वारा
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) 6 अगस्त, 2023, सुबह 11 बजे



**गरिमामयी उपस्थिति**

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**रावसाहेब पाटिल दानवे**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, रेल, कोयला और खान मंत्रालय

**दर्शना जरदोश**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, रेल एवं वस्त्र मंत्रालय

DD NEWS पर कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखें

# 'नूंह हिंसा की जांच जारी, दोषियों को मिलेगी सजा'

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शनिवार को रोहतक पहुंचे। यहां उन्होंने जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक ली। इस दौरान उन्होंने खुद को गायों के रक्षक कहने वालों पर सवाल उठाए। डिप्टी सीएम ने कहा कि आज सबसे बड़ा सवाल है कि जो लोग अपने आप को रक्षक कहते हैं, क्या वे अपने घरों में गाय को रक्षा देते हैं। मूवमेंट चलाकर माहौल खराब करना सामाजिक तौर पर आसान है। दुष्यंत ने कहा कि नूंह हिंसा की जांच जारी है। अभी तक 102 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। कई लोगों को रिमांड व ज्यूडिशियल कस्टडी में भी भेजा गया है। हम ही नहीं हर कोई चाहता है कि इसमें शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**दोनों प्रदेश बयानबाजी छोड़कर अपराधियों के खिलाफ लें**

**दो टूक**

**क्या अपने घरों में गायों को रक्षा देते हैं, मूवमेंट चलाकर माहौल खराब करना आसान: डिप्टी सीएम**

**एक्शन:** डिप्टी सीएम ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान (हरियाणा द्वारा सहयोग नहीं करने के बयान) पर पलटवार किया। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वर्तमान के घटनाक्रम हों या फिर पुराने घटनाक्रम हों अगर उनमें मिलकर ऑपरेशन चाहते हैं तो राजस्थान सरकार टीम गठित करे, हम उनके साथ हैं और पहले भी 3 बार सहयोग किया है। दोनों प्रदेशों को बयानबाजी छोड़कर अपराधियों के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए।

**इसी माह मिलेगा फसलों का मुआवजा:** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बारिश से फसलों में हुए नुकसान को लेकर भी पटवारियों को आदेश दिए गए हैं। जहां-जहां पटवारियों की कमी है, वहां क्षतिपूर्ति सहायकों के भी उ‍ के पास लेटर आए हैं। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र व जलभराव से हुए फसलों के नुकसान का मुआवजा इस माह में दे दिया जाएगा। बैठक में 14 एजेंडे रखे थे, जिनमें से 2 पहले वाली परिवेदना समिति की बैठक के पेंडिंग थे। वहीं 12 में से 6 एजेंडों पर शिकायतकर्ता की सहमति से डिस्पोज कर दिया। वहीं 6 एजेंडे अगली मीटिंग के लिए पेंडिंग हैं। इन पर जांच के लिए कमेटी गठित की गई हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर अगली बैठक में समाधान किया जाएगा।



**हरियाणा वासियों के पास जल्द होंगे प्राइवेट जेट**
डिप्टी सीएम ने कहा कि फ्लाइंग के 2 प्राइवेट इंस्टीट्यूट शुरू किए थे। कल ही आंकड़े आए हैं कि 21 पायलट को नियुक्ति मिली है। अब 370 से अधिक पायलट ट्रेंड हो रहे हैं। पहले लोग रोडवेज का सफर करते थे तो सपना था कि गाड़ियां होंगी और ड्राइविंग लाइसेंस बनवाऊंगा। आज लोगों के पास गाड़ियां हैं तो हवाई जहाज की बात कर रहे हैं।
भविष्य में अमेरिका व ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर हरियाणा में लोगों के प्राइवेट प्लेन होंगे और उनमें सफर करने लोग जाया करेंगे।


# खेलो निसा-2023 प्रतियोगिता में हुए खो-खो के मुकाबले



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** खेलो निसा 2023 प्रतियोगिता के तहत शनिवार को खो खो की प्रतिस्पर्द्धा हुई। इस प्रतियोगिताओं में करीब दो दर्जन स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। खो प्रतियोगिता में आज शनिवार को अंडर-14 और अंडर-18 ब्वायस वर्ग के मुकाबले हुए। गर्ल्स के मुकाबले सोमवार को होंगे। खेलो निसा-2023 के दूसरे चरण में हो रही प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों का जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है।
स्कूलों में पढ़ने वाले खिलाड़ी प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लेकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य तौर पर केपी सिंह, आशुतोष गौड़, अनिल मौर्य समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुरानी पैंशन बहाली का स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान करें प्रधानमंत्री: बलबीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** कॉनफैडरेसन आफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियरस वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा कॉर्डिनेटर बलबीर सिंह ने प्रधानमंत्री से 15 अगस्त को लाल किला से पैरामिलिट्री के लिए पुरानी पैंशन लागू करने की मांग की। सिंह ने कहा कि भारतीय सेनाओं वास्ते वन रैंक वन पेंशन, सैनिक स्कूल, सैनिक कल्याण बोर्ड, सेना झंडा दिवस, सैनिक विश्राम गृह, सेना एक्स मैन स्टेटस तो देश के वास्तविक पैरामिलिट्री सरहदी चौकीदारों को इस तरह की सुविधाओं क्यों नहीं। देश के औद्योगिक संस्थानों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, मैट्रो स्टेशन, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की चाक चौबंद चौकीदारी करने वाले सीआईएसएफ जवानों को 60 दिनों के वार्षिक अवकाश व सीएलएमएस सुविधा से क्यों वंचित रखा गया जबकि सभी पैरामिलिट्री फोर्सस 60 दिनों की छुट्टी व सीएलएमएस सुविधा उपलब्ध है। महासचिव रणबीर सिंह ने बताया कि 25 सितंबर 2023 को जंतर मंतर पर देश भर के हजारों पैरामिलिट्री परिवार सुविधाओं को लेकर रोष प्रदर्शन करेंगे। जिसके लिए प्रधानमंत्री कार्यालय को सूचना भी भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि ड्युटी के चलते हर साल 10 हजार जवान पैरामिलिट्री फोर्सेस से त्यागपत्र या नौकरी छोड़ने का सिलसिला जारी है। 20 लाख पैरामिलिट्री के सरहदी चौकीदारों वास्ते पुरानी पैंशन बहाली, वन रैंक वन पेंशन, अर्ध सेना झंडा दिवस कोष, अर्द्धसैनिक स्कूल, राज्यों में अर्धसैनिक कल्याण बोर्डों की स्थापना वास्ते 15 अगस्त को पुरानी पैंशन की घोषणा ही पुलवामा व गलवान शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



# डीएवी पब्लिक स्कूल में टैलेंट हंट प्रतियोगिता में ईवा रही प्रथम



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** गढ़ी झंझारा रोड स्थित जयंती प्रसाद डीएवी पब्लिक स्कूल में टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नौवीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का गायन, डांस, पुशअप्स, म्यूजिक, कविता पाठ आदि प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। गायन में ईवा कक्षा नौवीं सी, डांस मे तन्वी कक्षा नौवीं बी पुशअप्स में अभिराज, इंस्ट्रूमेंट में पुष्कर और कविता पाठ मे स्पर्श जैन ने बाजी मारी। स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश ने स्कूल के छात्रों को अपना टैलेंट दिखाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपना टैलेंट और भी आगे निकाल कर समाज को आगे ले जाने का कार्य करें।

# थर्मल से तांबे की पत्ती व प्लेट चोरी करने वाले गिरोह के पांच आरोपी गिरफ्तार

## 12.50 लाख रूपए कीमत की तांबे की पत्ती व प्लेट कबाड़ी को 2.50 लाख रूपए में बेच दी

**गिरफ्त में**

**गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि थर्मल में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शराब पार्टी कर रहे है**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत,** थाना मतलौडा की थर्मल चौकी पुलिस ने थर्मल से करीब 12.50 लाख रूपए कीमत की तांबे की पत्ती व प्लेट चोरी करने वाले गिरोह के पांच आरोपियों को काबू करने में कामयाबी हासिल की। थाना मतलौडा प्रभारी ट्रेनी आईपीएस मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि थाना की थर्मल चौकी पुलिस टीम को शुक्रवार देर शाम गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि थर्मल में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले पांच युवक आसन कला से रिफाइनरी रोड पर शनि मंदिर के पास बैठकर शराब पार्टी कर रहे है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर पांचो युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान दलीप पुत्र रामेश्वर व धर्मबीर उर्फ सुखा पुत्र सत्यवान निवासी खंडरा, कृष्ण पुत्र हरिचंद निवासी मतलौडा, भीम पुत्र जगबीर व सौरभ पुत्र सुरजीत निवासी सौदापुर के रूप में बताई।
गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपने दो अन्य साथी आरोपी अमित व विक्रम उर्फ विक्का निवासी आसन कला के साथ मिलकर 6 जुलाई की रात थर्मल से काफी संख्या में तांबे की पत्ती व प्लेट चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना मतलौडा में थर्मल के एईई सितेंद्र राय की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। थाना मतलौडा में पानीपत थर्मल के एईई सितेंद्र राय ने शिकायत देकर बताया था स्टोर कीपर संतोष ने 7 जुलाई को उन्हे सूचना देकर बताया कि देर रात अज्ञात चोर स्टोर रूम का ताला तोड़कर काफी संख्या में तांबे की पत्ती व प्लेट चोरी कर ले गए। चोरीशुदा सामान की करीब 12.50 लाख रूपए कीमत है। शिकायत पर थाना में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। थाना मतलौडा प्रभारी ट्रेनी आईपीएस मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गिरोह के सरगना फरार उनके साथी आरोपी अमित व विक्रम उर्फ विक्का है। थर्मल से चोरी किया तांबा फरार आरोपी अमित व विक्रम ने मधुबन में कबाड़ी को 2.50 लाख रूपए में बेचकर आरोपी दलीप को 25 हजार, कृष्ण को 20 हजार, धर्मबीर को 15 हजार, भीम को 5 हजार व सौरव को 6 हजार रूपए देकर बाकी सारे पैसे दोनों आरोपियों ने अपने पास रख लिए। पकड़े गए पांचों आरोपियों ने अपने हिस्से में आए ज्यादातर पैसे खाने पीने में खर्च कर दिए। बचे 1400 रूपए पांचो आरोपियों के कब्जे से बरामद कर पुलिस ने शनिवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से आरोपी भीम व सौरभ को न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया व आरोपी दलीप, कृष्ण व धर्मवीर को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। पुलिस रिमांड के दौरान तीनों आरोपियो से फरार इनके दोनों साथी आरोपियों व कबाड़ी के ठीकानों का पता लगाने व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद करने के लिए सख्ती से पूछताछ की जाएगी।

# समाज सेवा संगठन की ओर से 35वां वाटर कूलर लगाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
समाज सेवा संगठन की ओर से 35 वा वाटर कूलर जैन स्थानक अग्रवाल मंडी मॉल गोदाम रोड पर लगाया। जिसका सुभारंभ समाज सेवी नरेश जैन ने नारियल तोड़ कर किया संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया मॉल गोदाम रोड से प्रतिदिन हजारों राहगीरों का आना जाना लगा रहता है। मेट्रो टेम्पू रिक्शा रेडे वाले यहां से गुजरते हे और आस पास में झुग्गी झोपड़ी भी हैं और आस पास में लेवर किराए पर रहती हैं। जिनके घरों में फ्रिज नही होता सभी को ठंडे पानी का लाभ मिलेगा और गर्मी के मौसम में इंसान को सबसे ज्यादा पानी की जरूरत होती हैं और जैन स्थानक मॉल रोड पर प्रतिदिन 12 बजे भंडारा लगता है जिसमे करीब 300 व्यक्ति भोजन करते हैं। उनको भी ठंडा पानी मिलेगा समाज सेवा संगठन ने ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर का अभियान चलाया था जिसके तहत आज 35 वा वाटर कूलर लगाया है और आगे जहा भी ठंडे पानी की जरूरत होगी बिजली पानी का कनकसेन होगा संगठन की कोशिश होगी वहा पर वाटर कूलर लगाया जा सके समाज सेवा संगठन का काम समाज की सेवा करना है संगठन की ओर से हर वर्ष झुग्गी झोपड़ी में सरकारी स्कूल में गर्म कपड़े वितरण अभियान दिव्यांगो को हाथ रिक्शा व्हीलचेयर बैसाखी वितरण जरूरत मंद बेटियो की शादी करवाना जरूरत मंद का इलाज करवाना समय समय पर भंडारा लगाना और सामाजिक ब धार्मिक कार्य करना नर सेवा ही नारायण सेवा है।




**सेवा**

**जिनके घरों में फ्रिज नही होता सभी को ठंडे पानी का लाभ मिलेगा और गर्मी के मौसम में इंसान को सबसे ज्यादा पानी की जरूरत होती हैं**

# रेलवे अधिकारियों ने किया रेलवे स्टेशन का दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**अमृत** भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 06 अगस्त को सोनीपत रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रेलवे अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। इस दौरान रेलवे स्टेशन अधीक्षक सुनील खत्री ने कार्यक्रम की सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर वीआईपी सहित लोगों के बैठने, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल अन्य सभी व्यवस्थाओं की जांच की।
रेलवे स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि 06 अगस्त सुबह 09:30 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे, जिसमें हमारा सोनीपत का रेलवे स्टेशन भी शामिल है। जिला स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद रमेश कौशिक बतौर मुख्यातिथि वर्चुअल रूप में सोनीपत रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास करेंगे।
इस दौरान उत्तर रेलवे बोर्ड के सदस्य विक्की भारद्वाज ने भी अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा कर सभी तैयारियों का बारिकी से जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह हर सोनीपतवासी के लिए बड़े ही खुशी का पल है कि हमारे रेलवे स्टेशन को भी इस योजना में शामिल किया गया है, जिससे रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास करते हुए इसे भव्य रूप दिया जाएगा। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम में पहुंचकर इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बने।

**समीक्षा**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल रूप में सोनीपत रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का करेंगे शिलान्यास**

# प्रयास इंटरनेशनल स्कूल रहा भाविप की नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम

## परिषद के अध्यक्ष राजेन्द्र कौशिक, प्रांतीय उपाध्यक्ष संपर्क योगेश कौशिक ने किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** भारत विकास परिषद शाखा गन्नौर ने सांस्कृतिक माह के चलते तीसरी प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय गीत के साथ शुभारम्भ हुआ। संस्कृति माह की संयोजिका रजनी जैन जी के नेतृत्व में नृत्य प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। शाखा अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक, प्रांतीय उपाध्यक्ष संपर्क योगेश कौशिक ने छात्रों व शिक्षकों को भारत को जानो पुस्तक के बारे में जानकारी प्रदान की और प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे बच्चों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता में मनीषा, ललित कुमार ने जज की भूमिका निभाई और उनके द्वारा निकाले गए रिजल्ट की घोषणा शाखा सचिव एडवोकेट अंकित त्यागी ने की और नृत्य प्रतियोगिता का रिजल्ट घोषित किया। प्रथम स्थान प्रयास इंटरनेशनल स्कूल ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान संयुक्त रूप से हैप्पी चाइल्ड मॉडर्न स्कूल और ज्ञानदीप स्कूल ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान संयुक्त रूप से स्वामी चेतना स्कूल और नव ज्योति शिक्षा सदन ने प्राप्त किया।



**रिजल्ट घोषित**

**संस्कृति माह की संयोजिका रजनी जैन जी के नेतृत्व में नृत्य प्रतियोगिता की शुरूआत हुई**

प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न 20 स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की व्यवस्था तरुण प्रताप त्यागी, कृष्ण जिंदल, निशा कौशिक, एडवोकेट नेहा त्यागी, दीपिका जिंदल, काजल जैन आदि ने संभाली।

# प्रधानमंत्री के पंच प्रण पर आधारित युवा संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

**सोनीपत।** आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में जिला नेहरू युवा केन्द्र व जनहित सेवा केन्द्र द्वारा एसएम हिन्दू सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में प्रधानमंत्री पंच प्रण पर आधारित युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कविता जैन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए माँ सरस्वती विद्या की देवी पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वो शक्ति है जो किसी भी देश की तकदीर बदल सकती है। भारत विश्व का सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला देश है।

# सेवा ट्रस्ट यूके ने विद्यार्थियों को बताई शिक्षा की महत्वता, पौधारोपण के प्रति किया जागरूक

**जागरूक**

**स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से समस्त बच्चों को डाबर का ग्लूकोज आदि भेंट किए**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
ट्रस्ट यूके (भारत) के द्वारा स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, तन्दवाल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा की महत्वता, स्वास्थ्य और पौधारोपण सम्बन्धित जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यापक जसवंत सिंह ने की कार्यक्रम का संचालन सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के स्टेट इ-लर्निंग कोआर्डिनेटर पवन पराशर ने किया पराशर ने विद्यार्थियो की शिक्षा, स्वास्थ्य और वातावरण सम्बन्धित काउंसलिंग की उन्होंने कहा कि विद्यार्थियो को अपनी शिक्षा के प्रति सजग रहकर अपनी सफलता के लिए एक लक्ष्य जरुर निर्धारित करना चाहिए और हनेशा शिक्षा में अपडेट रहना चाहिए। हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन तथा सुविधाएं प्रदान की है जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी इस प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़ लगाएं। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न जगहों पर पौधे रोपित किए। विद्यार्थियो को नशे से दूर रहना चाहिए क्योंकि नशे से मानसिक और शारीरिक विनाश होता है। उन्होने सभी बच्चो को सेहतमंद खाना ही खाएं और जंक फूड ना खाने के लिए भी प्रेरित किया। हर रोज सुबह और शाम टूथपेस्ट करने की शपथ भी दिलाई। साथ ही इस समय जो बरसातो के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है उसमे ध्यान पूर्वक रहने और बचाव रखने की भी जानकारी दी। इस अवसर पर पराशर ने सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) की को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से समस्त बच्चों को डाबर का ग्लूकोज, वाटिका हेयर आयल, टूथपेस्ट भेंट किए, जिसे पाकर सभी बच्चो के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक जसवंत सिंह, किरन और मिड डे मिल कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 06 अगस्त 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 209 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की।

## फास्ट न्यूज

### पन्नू की कश्मीरी मुसलमानों को भड़काने की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**खालिस्तानी** आतंकवादी सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अब कश्मीरी मुसलमानों को भड़काने की कोशिश की है। पन्नू की कोशिश 15 अगस्त को देश में माहौल खराब करने की है। वीडियो जारी कर पन्नू ने कश्मीरी मुसलमानों को दिल्ली आने के लिए कहा है। वह लोगों को उकसा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 15 अगस्त के दिन दिल्ली लाल किले पर तिरंगा न चढ़ाने दिया जाए। पन्नू का कहना है कि खालिस्तानी समर्थक इसकी तैयारी कर चुके हैं। इतना ही नहीं, पन्नू कश्मीर के हालातों पर गलत जानकारियां देकर मुस्लिम भाईचारे को भी भड़का रहा है। बीते दिनों नूंह की घटना के बाद गुरुग्राम में मस्जिद पर हुए हमले और इमाम की हत्या पर भी पन्नू ने सवाल खड़ा किया है।

### सिद्धू मूसेवाला मर्डर मास्टरमाइंड सचिन ने उगले राज

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश में पकड़े गए गैंगस्टर लॉरेंस के भांजे सचिन थापन ने अब राज उगलने शुरू किए हैं। सचिन ने दिल्ली स्पेशल सेल की टीम को बताया कि यह पूरी प्लानिंग तिहाड़ जेल से शुरू हुई थी। लॉरेंस ने इस प्लानिंग में गोल्डी बराड़, सचिन और अनमोल को साथ जोड़ा था। इसीलिए अनमोल व सचिन को पुलिस से बचाने के लिए पहले ही विदेश भेज दिया था। सचिन ने बताया कि लॉरेंस ने उसे फोन कर अनमोल व गोल्डी के संपर्क में रहने के लिए कहा था। इसके साथ ही आदेश दिया था कि वह विदेश चला जाए, यहां बड़ा कांड होने वाला है। यह आदेश मिलने के बाद उसका फेक पासपोर्ट बनाया गया और उसे दुबई भेज दिया गया। जहां उसका संपर्क गैंगस्टर विक्रम बराड़ से हुआ। दुबई जाने से पहले बता दिया गया था कि सिद्धू मूसेवाला का काम करना है और अनमोल व गोल्डी बराड़ के संपर्क में रहे।
हथियारों को अपने पास रखा था सचिन नेः दिल्ली स्पेशल सेल के सामने सचिन ने ये भी खुलासा किया कि हत्या के लिए हथियार विदेश से आए थे। उसे हथियारों का इंतजाम करने को कहा था।
गोल्डी बराड़ के कहने पर सचिन ने

# 'इंडिया' की अगली बैठक 31 अगस्त को

## मुंबई में इकट्ठा होंगे 26 दल, गठबंधन के संयोजक पर हो सकता है फैसला

**मंथन होगा**

संयोजक पर फैसला इंडिया गठबंधन को लेकर 11 सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी को भी अंतिम रूप मिलेगा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**इंडिया** (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव एलायंस) नाम से बने नए विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक 31 अगस्त-1 सितंबर के बीच मुंबई में होगी। इस मीटिंग की मेजबानी शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद गुट) मिलकर कर सकते हैं। नया गठबंधन बनने के बाद यह पहला मौका है, जब सभी 26 विपक्षी दल किसी ऐसे राज्य में मीटिंग करेंगे जहां उनका कोई सदस्य सत्ता में नहीं है। दरअसल महाराष्ट्र में बीजेपी-शिवसेना (शिंदे गुट) - एनसीपी (अजित गुट) की सरकार है। इनमें से कोई भी इंडिया का हिस्सा नहीं है। पहली मीटिंग बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जदयू द्वारा 23 जून को पटना में आयोजित की गई थी। दूसरी बैठक बेंगलुरु में 18-19 जुलाई को आयोजित की गई थी और इसकी मेजबानी कांग्रेस ने की थी।



### 'राहुल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नीतीश के लिए झटका'

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि मोदी सरनेम वाले सभी व्यक्तियों को चोर बताने वाली गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी के कारण राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ रोक लगाई है, उन्हें दोषमुक्त नहीं किया है।
इससे उन्हें मिली तात्कालिक राहत पर लालू प्रसाद सबसे ज्यादा खुश और नीतीश कुमार सबसे ज्यादा दुखी होंगे। सुशील मोदी ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि कोर्ट के फैसले के बाद राहुल गांधी ने सबसे पहले सिर्फ लालू प्रसाद से भेंट की और जदयू को दरकिनार रखा।
उन्होंने कहा कि उत्साहित कांग्रेस अब राहुल गांधी को प्रधानमंत्री-पद के अघोषित उम्मीदवार के रूप में खुल कर प्रोजेक्ट करेगी।

**तीसरी बैठक में विपक्ष के 4 एजेंडे...:** इंडिया गठबंधन के संयोजक पर फैसला इंडिया गठबंधन को लेकर 11 सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी को भी अंतिम रूप दिया जाएगा। जिसमें कांग्रेस, टीएमसी, जदयू, आप, राजद, शिवसेना, एमसीपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, समाजवादी पार्टी और सीपीएम आई से एक-एक सदस्य होंगे। साथ ही गठबंधन के संयोजक पर फैसला हो सकता है।

**सीट बंटवारे को लेकर चर्चा, 11 सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटीः** मुंबई में होने वाली तीसरी मीटिंग में सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा होनी है।
गठबंधन में शामिल अन्य छोटे दलों को समिति में जगह नहीं मिलेगी।

**एक संयुक्त सचिवालय की घोषणाः** 2024 लोकसभा चुनावों को देखते हुए संयुक्त विरोध प्रदर्शनों और रैलियों को आयोजित करने के एक अन्य पैनल की घोषणा करने की भी संभावना है।

### आपसी मतभेद को दूर करना होगा...

बैठक के दौरान सभी पार्टियों के आपसी मतभेद को दूर किया जाएगा। खासकर उन राज्यों में जहां वे सीधे चुनावी लड़ाई में हैं। केरल में कांग्रेस और लेफ्ट, पश्चिम बंगाल में लेफ्ट और टीमसी, पंजाब और दिल्ली में आप और कांग्रेस, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस और जम्मू-कश्मीर में एनसीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस एक-दूसरे के धुर-विरोधी हैं। ऐसे में इस मसलों को सुलझाना होगा।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक विकास कार्यों की आधारशीला रखते हुए।

### ईडी ने पीएफआई से जुड़े 2.53 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और अन्य मामले में 2.53 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को जब्त किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 प्रावधान के तहत यह कार्रवाई की है। ईडी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि पीएफआई के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत केरल के मुन्नार जिले में चार मकान और 6.75 एकड़ भूमि को कब्जे में ले लिया गया है। जांच एजेंसी के मुताबिक इस संपत्ति की कुल कीमत 2.53 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह मुन्नार विला विस्टा प्राइवेट लिमिटेड की है। जांच एजेंसी ने जिन संपत्तियों को अपने कब्जे में लिया है।

## मणिपुर में 3 की मौत के बाद इंफाल में तनाव

**हिंसा**

पहाड़ों से फायरिंग जारी; मोर्टार से हमला, भीड़ ने कई रास्ते जाम किए, इलाका कुकी-मैतेई के बीच का बॉर्डर

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** में सुरक्षाबलों और मैतेई समुदाय के बीच पिछले 24 घंटे से झड़प जारी है। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। ये हिंसक झड़प टेराखोंगसांगबी कांगवे और थोरबुंग में हुई हैं। यह इलाका कुकी-मैतेई के बीच का बॉर्डर है, जो बफर जोन कहलाता है।
मृतकों की पहचान युमनम जितेन मैतेई (46), युमनम पिशाक मैतेई (67) और युमनम प्रेमकुमार मैतेई (39) के रूप में की गई है, जो सभी क्वाक्टा लामल्हाई के रहने वाले हैं। हमलावर बफर जोन क्रॉस करने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षाबलों ने जब रोका तो इनके बीच झड़प हो गई। इस दौरान फायरिंग भी की गई। सुरक्षाबलों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। तीन लोगों की मौत के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया। थोरबंग एरिया में पहाड़ों से सुबह से फायरिंग हो रही है। मोर्टार से भी हमला किया गया। भीड़ ने कई रास्ते जाम कर दिए हैं। बिष्णुपुर में मैतेई समुदाय की महिलाओं ने 3 अगस्त को बफर जोन को पार करने का प्रयास किया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोका। इस दौरान दोनों में झड़प हुई।

## हरियाणा हिंसा में अब पाकिस्तानी कनेक्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नूंह**
**हरियाणा की** नूंह हिंसा में अब पाकिस्तानी कनेक्शन सामने आया है। हरियाणा पुलिस की जांच में पाकिस्तानी यू-ट्यूबर जीशान मुश्ताक के बारे में पता चला है। उसने भड़काऊ वीडियो पोस्ट किए। पुलिस सूत्रों बताया कि यू-ट्यूबर ने अहसान मेवाती पाकिस्तानी के नाम से सोशल मीडिया अकाउंट बना रखा था। यूजर ने अपनी लोकेशन राजस्थान के अलवर बताई थी, हालांकि हकीकत में वह पाकिस्तान के इस्लामाबाद और लाहौर से वीडियो पोस्ट कर रहा था। जीशान ने पाकिस्तान एजुकेशन एवं रिसर्च नेटवर्क के जरिए वीडियो अपलोड किए। इस सेंट्रलाइज्ड नेटवर्क से पाकिस्तान के एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस को इंटरनेट दिया जाता है। यह पाकिस्तान सरकार का ही हिस्सा है। जीशान ने मोनू मानेसर को मारने और नूंह में हिंसा के लिए उकसाया था। जिस दिन हिंसा जारी थी, उसी दिन आगजनी-तोड़फोड़ के फुटेज भी जारी कर रहा था। पुलिस को शक है कि जीशान का नूंह में मजबूत नेटवर्क है।






## आईएआईएस मॉड्यूल मामले में छठी गिरफ्तारी

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने महाराष्ट्र आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में शनिवार को छठी गिरफ्तारी की है। आरोपी आकिक अतीक नाचन को ठाणे जिले के भिवंडी से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने यहां एक बयान में कहा कि वह आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए आईईडी के निर्माण और परीक्षण में कथित रूप से शामिल था और दो अन्य आतंकवादी गुर्गों के लिए एक ठिकाने की व्यवस्था कर रहा था।



एजेंसी ने कहा कि आकिफ, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी और अब्दुल कादिर पठान (महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते की पुणे इकाई ने हाल ही में इन सभी को गिरफ्तार किया था) ने कुछ अन्य संदिग्धों के साथ मिलकर आईएसआईएस की आतंकवाद संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने में संक्रिय रूप से शामिल पाया गया। 'सुफा आतंकवादी गिरोह' के सदस्य इमरान खान और मोहम्मद यूनुस साकी फरार थे और अप्रैल 2022 में राजस्थान में एक कार से विस्फोटकों की बरामदगी से संबंधित मामले में एनआईए द्वारा उन्हें 'मोस्ट वांटेड' घोषित किया गया था।

### रूस-यूक्रेन युद्ध पर जेलेंस्की की शांति योजना पर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/जेद्दा**
यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद चल रहे युद्ध पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक शांति योजना प्रस्तुत की है। इस योजना पर सऊदी अरब की मेजबानी में चर्चा का हिस्सा बनने के लिए भारत को भी न्योता मिला है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल इस चर्चा में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए जेद्दा पहुंच गए हैं। रूस के साथ चल रहे संघर्ष के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की शांति योजना पर चर्चा के लिए तटीय शहर जेद्दा में बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

**सर्वे जारी** ज्ञानवापी परिसर के एक किलोमीटर के इर्द-गिर्द का दायरा भी छावनी में तब्दील रहा

# ज्ञानवापी सर्वेः तहखाने खुले, 3डी इमेजिंग हुई...

**मैपिंग**

दूसरे दिन सर्वे की प्रक्रिया पूरी हुई। एएसआई की टीम ने दूसरे दिन मैपिंग का काम किया

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**पहले** हाईकोर्ट, फिर सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी परिसर का सर्वे कर रही है। शनिवार को दूसरे दिन सर्वे की प्रक्रिया पूरी हुई। एएसआई की टीम ने दूसरे दिन मैपिंग का काम किया। तो वहीं ज्ञानवापी में व्यास जी के तहखाने में भी वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की गई। 3 डी इमेजिंग भी की गई। दूसरे दिन की कार्रवाई में मसाजिद कमेटी भी शामिल रही। इस दौरान ज्ञानवापी परिसर के एक किलोमीटर के इर्द-गिर्द का दायरा भी छावनी में तब्दील रहा। शुक्रवार को करीब सवा सात घंटे तक सर्वे हुआ था। इससे पहले 24 जुलाई को करीब पांच घंटे सर्वे हुआ था। कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार सुबह 8 बजे एएसआई की टीम काशी विश्वनाथ धाम के गेट नंबर चार पर पहुंची।



**एएसआई की चार टीमों ने छाना कोना-कोनाः** गहमागहमी के बीच सबकी सुरक्षा मानकों की जांच हुई, फिर सर्वे टीम को ज्ञानवापी परिसर में भेजा गया। दोपहर में नमाज के लिए सर्वे को एक घंटे के लिए रोका गया।

# एमसीडी के शिक्षक मेंटर्स से ले रहे अनुभव

## दिल्ली सरकार के स्कूलों में शिक्षा क्रांति लाने में हमारे मेंटर शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा

**अनुभव**

**एमसीडी स्कूलों के मेंटर टीचर्स से शनिवार को बातचीत की और विजिट के उनके अनुभवों को जाना**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिक्षा** मंत्री आतिशी ने देश के विभिन्न हिस्सों से मौजूद प्रख्यात शैक्षिक संस्थाओं से एक्सपोजर विजिट कर लौटे एमसीडी स्कूलों के मेंटर टीचर्स से शनिवार को बातचीत की और विजिट के उनके अनुभवों को जाना। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में शिक्षा क्रांति लाने में हमारे मेंटर शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।
इस दिशा में अब हम एमसीडी स्कूलों के अपने मेंटर शिक्षकों को भी सशक्त बना रहे हैं ताकि वो एमसीडी स्कूलों में पढ़ाई के स्टार को वर्ल्ड क्लास बनाएं और लाखों बच्चों की जिंदगी में अहम बदलाव लाएं। उन्होंने कहा कि देशभर के जाने-माने शैक्षिक संस्थाओं से सीखकर आने के बाद हमारे मेंटर शिक्षकों में अलग ही उत्साह और आत्मविश्वास है। इस उत्साह के साथ वे अपनी कक्षाओं में पढ़ाई का शानदार माहौल तैयार करेंगे और साथ ही अपने साथी शिक्षकों को सीखने-सिखाने के नवाचारों से परिचित करवाएंगे।

**कोचिंग सेंटरों पर नगर निगम का शिकंजा, अब तक 20 सील और 700 को भेजा गया नोटिस:** हाईकोर्ट के निर्देश के बाद कोचिंग सेंटर वालों में हड़कंप मचा हुआ है। एमसीडी ने नियमों का पालन नहीं करने वाले कोचिंग सेंटरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उसने नोटिस देने की कार्रवाई तेज करने के साथ-साथ सीलिंग कार्रवाई भी शुरू कर दी है। निगम बीते पांच दिन में करीब 20 कोचिंग सेंटर सील कर चुका है। इस कड़ी में एमसीडी ने कोचिंग सेंटर वालों के खिलाफ कार्रवाई की। वहीं कोचिंग सेंटर वाले भी उल्लंघन खत्म करने में लगे हुए है।
एमसीडी के अनुसार गत सोमवार से कोचिंग सेंटर वालों के खिलाफ कार्रवाई आरंभ की थी और शुक्रवार को भी उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रखी। एमसीडी के भवन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को विभिन्न इलाकों में पांच कोचिंग सेंटर सील किए। वह अभी तक करीब सात सौ कोचिंग सेंटरों को नोटिस दे चुके है।

# 'आप का मोहल्ला क्लीनिक': पहले तारीफ फिर पलटे कर्नाटक स्वास्थ्य मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कर्नाटक के** स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडु राव ने कहा कि कहा कि इन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। इससे बेहतर सुविधाएं कर्नाटक की नम्मा क्लीनिक में हैं। वहीं विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री की ओर से मोहल्ला क्लीनिक के संबंध में किए गए ट्वीट पर चुटकी ली। दिल्ली में बने मोहल्ला क्लीनिक की सुविधाओं को



लेकर शुक्रवार को सियासी घमासान हो गया।
कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडु राव पंचशील पार्क में बने मोहल्ला क्लीनिक का दौरा करने गए थे। दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि सुविधाएं बेहतर हैं, लेकिन कुछ देर बाद ही सुविधाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि इन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। इससे बेहतर सुविधाएं कर्नाटक की नम्मा क्लीनिक में हैं। दिनेश गुंडु राव ने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली में एक मोहल्ला क्लीनिक का दौरा किया, जहां बहुत कम लोग थे।

# श्रद्धा हत्याकांडः कोर्ट में पेश किया गया फ्रिज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में बीते साल हुए श्रद्धा हत्याकांड का ट्रायल शनिवार को साकेत कोर्ट में हुआ। इस दौरान जहां श्रद्धा के पिता के बयान दर्ज हुए, वहीं वह रेफ्रिजिरेटर भी पेश किया गया जिसमें श्रद्धा के शव के टुकड़े रखे जाते थे।
**कोर्ट में दर्ज हुआ श्रद्धा के पिता का बयानः** साकेत कोर्ट में श्रद्धा हत्याकांड मामले में कोर्ट के समक्ष उसके पिता का बयान दर्ज किया गया। इसके साथ ही श्रद्धा के पिता व भाई दोनों से आफताब के वकील जिरह (क्रास एग्जामिनेशन) भी करेंगे।
**कोर्ट में उस फ्रिज की भी हुई पेशीः** साकेत कोर्ट के समक्ष सुनवाई के दौरान उस रेफ्रिजिरेटर को भी पेश किया गया जिसे वारदात में इस्तेमाल किया गया था। इसी रेफ्रिजिरेटर में काली पॉलिथीन में भरकर आफताब ने श्रद्धा के शव के टुकड़े रखे थे। जब वह अपनी दूसरी गर्लफ्रेंड को घर लाता था तब आफताब इन्हें किचन में रख देता था।
**प्लाईवुड के दो टुकड़े भी पेश किए गएः** साथ ही फोरेंसिक टीम द्वारा जब्त किए गए आफताब के खून के धब्बे लगे प्लाईवुड के दो टुकड़े भी अदालत में पेश किए गए। श्रद्धा के पिता ने रेफ्रिजिरेटर और लकड़ी के टुकड़ों की पहचान की। उनकी उपस्थिति में पुलिस ने ये सबूत सील किए थे। जांच के दौरान आफताब की निशानदेही पर बरामद श्रद्धा के शव की 13 हड्डियां बरामद होने की बात भी कोर्ट को बताई गई।



**टुकड़े रखे थें**

**पिता का बयान दर्ज किया गया। श्रद्धा के पिता व भाई दोनों से आफताब के वकील जिरह भी करेंगे**

# कपिल बने दिल्ली बीजेपी के उपाध्यक्ष

## छोटे कार्यकर्ता का इस पद तक पहुंचना भाजपा में ही संभवः कपिल मिश्रा

**जिम्मेवारी**

**मेरे बड़े भाई वीरेंद्र सचदेवा का आभार जिन्होंने मुझे अपनी टीम का सदस्य बनाने योग्य समझा**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए कपिल मिश्रा को शनिवार को दिल्ली भाजपा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जानकारी दिल्ली भाजपा ट्विटर हैंडल के माध्यम से दी गई। ट्वीट में जानकारी दी गई है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के निर्देश पर कपिल मिश्रा को प्रदेश भाजपा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस पर कपिल मिश्रा ने भी आभार जताते हुए ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अत्यंत आभार। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार इस जिम्मेदारी के योग्य मुझे समझने के लिए। गृह मंत्री अमित शाह का आभार जिनके मार्गदर्शन में दिल्ली बड़े परिवर्तन की ओर है। दिल्ली के यशस्वी अध्यक्ष और मेरे बड़े भाई वीरेंद्र सचदेवा का आभार जिन्होंने मुझे अपनी टीम का सदस्य बनाने योग्य समझा। एक छोटे से कार्यकर्ता को इस प्रकार स्नेह पूर्ण अपनाना केवल भाजपा में ही संभव है।

# डीडीए) निजी कंपनियों के साथ हाथ मिलाने जा रहा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
इसे घाटे से उबरने की कवायद कहें या राजस्व बढ़ाने की जद्दोजहद... दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) निजी कंपनियों के साथ हाथ मिलाने जा रहा है। इनके साथ मिलकर डीडीए न सिर्फ अपने खेल परिसरों से आय बढ़ाएगा, बल्कि इनमें बने पार्टी हॉल या बैंक्वेट को भी अब सभी के कमर्शियल उपयोग के लिए खोल देगा। गौरतलब है कि पिछले वर्ष जुलाई में एलजी और डीडीए के अध्यक्ष वीके सक्सेना ने स्वयं एक ट्वीट कर इसकी माली हालत पर सवाल खड़े किए थे।

# सिख संगत ने टाइटलर की जमानत के खिलाफ किया प्रदर्शन

## टाइटलर को फांसी मिलनी चाहिए, जमानत नहीं: कालका, काहलों

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में सिख संगत ने कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर की जमानत के खिलाफ रोज एवेन्यू कोर्ट के सामने रोष प्रदर्शन किया। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि 1984 के सिख नरसंहार के बाद सिख समुदाय को बड़ी उम्मीद थी कि अब जगदीश टाइटलर जेल जाएगा लेकिन इसके विपरीत जगदीश टाइटलर को जमानत दे दी गई, जिसने सिखों के घावों पर नमक छिड़का है। उन्होंने कहा कि आज का दिन बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और सबसे काला दिन है, सीबीआई द्वारा उचित भूमिका नहीं निभाने के कारण जगदीश टाइटलर को जमानत दी गयी। टाइटलर के खिलाफ मुकद्दमा चलाने के लिए सीबीआई की ओर से वरिष्ठ वकील को पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा कि टाइटलर के खिलाफ गवाह और सबूत हैं अगर केस की सही तरीके से पैरवी हुई तो टाइटलर निश्चित सलाखों के पीछे होगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि टाइटलर को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनकी जमानत रद्द की जाए। इस मौके पर सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि जो लड़ाई हम 39 साल से लड़ रहे हैं, आखिरी सांस तक लड़ते रहेंगे और 1984 के सिख नरसंहार के एक-एक आरोपी को सलाखों के पीछे भेजने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय के लिए इससे बड़ा कोई दुख नहीं हो सकता हमारी माताएं-बहनें जिन्होंने 1984 का दर्द अपने सीने पर झेला, उन्होंने अपनी आंखों के सामने अपने बेटे, पति भाइयों की हत्या देखी है। उन सभी को उम्मीद थी कि टाइटलर को अब गिरफ्तार कर लिया जाएगा लेकिन उसे जमानत दे दी गई।




**विरोध**

**1984 के सिख नरसंहार के बाद सिख समुदाय को बड़ी उम्मीद थी कि अब जगदीश टाइटलर जेल जाएगा**

# 'हमसे मिले होते गुंडू तो मोहल्ला क्लीनिक की सच्चाई दिखा देते'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आदमी** पार्टी के मोहल्ला क्लीनिक के दौरे को लेकर राजनीतिक बयान बाजी जारी है। बीते शुक्रवार को कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडु राव ने मोहल्ला क्लीनिक का दौरा किया था। जिसके बाद आप ने अपनी ट्वविटर हैंडल पर आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक की तारीफ की थी, जिसके बाद शाम को राव ने मोहल्ला क्लीनिक की सुविधाओं पर सवाल उठा दे। अब कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने बयान दिया है। दिल्ली की पूर्व सीएम शीला दीक्षित के बेटे और पूर्व कांग्रेस सांसद संदीप दीक्षित ने दिनेश गुंडू राव के मोहल्ला क्लिनिक दौरे को लेकर कहा कि वह उन्हें अरविन्द केजरीवाल के शासन की वास्तविक सच्चाई दिखा सकते थे। उन्होंने आगे कहा कि काश आप हमसे भी मिलते राव। हम उन्हें केजरीवाल की शिक्षा नीति, स्वास्थ्य, वित्त, पर्यावरण, बस और पानी की सुविधाओं के बारे में सच्चाई दिखाते। जानकारी के लिए बता दें कि कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडु राव पंचशील पार्क में बने मोहल्ला क्लीनिक का दौरा किया था। दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि सुविधाएं बेहतर हैं, लेकिन कुछ देर बाद ही सुविधाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि इन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। इससे बेहतर सुविधाएं कर्नाटक की नम्मा क्लीनिक में हैं।



**साधा निशाना**

**वह उन्हें अरविन्द केजरीवाल के शासन की वास्तविक सच्चाई दिखा सकते थे: संदीप दीक्षित**

# बदरपुर में महिला को डंडों से पीटने का वीडियो वायरल, लातें भी मारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** बदरपुर इलाके में एक महिला पर हमला कर दिया। यह घटना 31 जुलाई की है। इसी दिन नूंह में भी हिंसा हुई थी। अब हमले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुका है। जिसमें महिला पर हमला करते हुए लोगों की भीड़ को देखा जा सकता है। वीडियो में देख सकते हैं कि पहले महिला के घर की तरफ कुछ लोग पथराव करते हैं, उसके बाद दो चार लोग हाथों में डंडे लेकर आते हैं और उनमें से एक शख्स महिला की डंडे के पिटाई कर देते है। इतना ही नहीं महिला को लात भी मारी गई। नकाबपोश लोग



आते हैं और महिला पर हमला कर देते हैं।
**गौतमपुरी में दो बार हुआ बवालः** बदरपुर थाना इलाके के गौतमपुरी में दो बार बवाल हुआ। रविवार रात को मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की ओर से अवांछित टिप्पणी करने पर बवाल हो गया। इसके बाद दोनों की पक्षों में सोमवार सुबह भी झगड़ा हो गई। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर पथराव हुआ। कांच की बोतलें फेंकी गईं। इस बवाल में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए थे।
**झगड़े के बाद अगले दिन फिर हुई मारपीट और पथरावः** बदरपुर थाना पुलिस सोमवार शाम तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं हुई थी। फिलहाल, इलाके में स्थिति शांतिपूर्ण है और पुलिस बल की तैनाती की गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के अलावा वायरल वीडियो की मदद से भी आरोपियों की पहचान की जा रही है।
**दो गुटों में हुई झड़प के बाद महिला से मारपीटः** गौतमपुरी, बदरपुर निवासी रंजीत की भतीजी (14) रविवार शाम को लापता हो गई थी। परिजन उसे तलाश कर रही थे। उसी समय वहां से मोटरसाइकिल सवार दो युवक गुजर रहे थे। इन युवकों ने अवांछित टिप्पणी कर दी। इस बात पर रात 10.45 बजे झगड़ा, मारपीट और बवाल हो गया। इसमें रंजीत के भतीजे राहुल और रितिक को चोटें आईं हैं। दोनों को इलाज के लिए एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। रंजीत सोमवार को दुकान पर बैठकर परिवार के अन्य सदस्यों से बात कर रहे थे। तभी वहां से मोटरसाइकिल से दो युवक गुजर रहे थे। इन युवकों की मोटरसाइकिल रंजीत के बेटे के हाथ से टकरा गई। इसी बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया। मोटरसाइकिल सवारों ने अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद पथराव शुरू हो गया। कांच की बोतलें भी फेंकी गईं।

**धरपकड़ जारी**

**एक शख्स महिला की डंडे के पिटाई कर देते है। इतना ही नहीं महिला को लात भी मारी गई**

# नाबालिग लड़की से गैंग रेप में वांछित बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नाबालिग लड़की से गैंग रेप में वांछित बदमाश को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपित थाना नरेला का घोषित हिस्ट्रीशीटर बदमाश बताया जा रहा है। यह पहले से पांच आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान करण सिंह उर्फ राहुल के रूप में हुई है। यह दिल्ली के स्वरूप नगर का रहने वाला है। उसी थाने में धारा 342/363/376डी/377/34 आईपीसी और 4 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में यह वांछित था। इसमें एक नाबालिग लड़की के गैंग रेप के गम्भीर मामले में यह फरार चल रहा था। अपराध शाखा के अनुसार 23 जून 2023 को जब लड़की अपने दोस्त के घर जा रही थी। रास्ते में उसके दो परिचित मो. मिराज उर्फ पाटल और एक किशोर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात की शिकार लड़की जब अपने घर लौट रही थी तो पीड़िता के अंकल उससे मिले। जिन्हें लड़की ने अपने साथ हुई सारी घटना बताई। अंकल ने अपनी स्कूटी पर करण उर्फ राहुल और एक किशोर के साथ घर जाने के लिए कहा। वे उसे पहाड़ी के कमरे में ले गए जहां तीनों ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। इस संबंध में धारा 342/362/376डी/377/34 भारतीय दंड संहिता और धारा 4 पॉक्सो एक्ट, थाना स्वरूप नगर में दर्ज की गई थी। जांच के दौरान तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया और अन्य दो आरोपित करण उर्फ राहुल और कमल सिंह उर्फ पहाड़ी गिरफ़्तारी से बच रहे थे।

# ऐतिहासिक खिड़की मस्जिद का होगा जीर्णोद्धार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
14वीं शताब्दी की ऐतिहासिक खिड़की मस्जिद का जीर्णोद्धार किया जाएगा। यह नए रंग-रूप में देसी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेगी। बारिश, मौसम की मार व संरक्षण के अभाव से मस्जिद के गुंबद क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसमें कई गुंबद जर्जर अवस्था में हैं। मुख्य रूप से इसकी छत के पूर्व में स्थित नौ गुंबद का संरक्षण कार्य किया जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने इसके लिए संरचना तैयार की है। इसका संरक्षण कार्य चार माह चलेगा। परियोजना की अनुमानित लागत 40 लाख रखी गई है। बता दें कि आखिरी बार इसका संरक्षण कार्य 15 वर्ष पहले किया गया था। यह मस्जिद दूर से ही पर्यटकों को आकर्षित करे, इसके लिए लाइटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। संरक्षण कार्य के लिए धौलपुर व आगरा से कारीगर आएंगे। इसमें लाल पत्थर का इस्तेमाल किया जाएगा। गुंबद के आकार के ढांचे के निर्माण के लिए सूखी ईंटों का उपयोग किया जाएगा। इसमें गीली मिट्टी और सूखी जूट का मिश्रण शामिल होगा। इसके मिश्रण को ढांचों पर चार इंच की परत से ढंका जाएगा। इसकी ईंट की चिनाई की जाएगी। एक महीने के बाद ढांचे को हटा दिया जाएगा और अंतिम संरचना का नए स्वरूप में आकार दिया जाएगा। खिड़की मस्जिद समान आकार के 25 वर्गों में विभाजित है। इसमें से नौ वर्ग छोटे गुंबद की संरचना है। यहां कुल मिलाकर 81 गुंबद छत की शोभा बढ़ाते हैं। ये वर्ग 12 सपाट छतों से घिरे हुए हैं, जबकि शेष चार वर्ग प्रकाश और वेंटिलेशन की अनुमति के लिए खुले छोड़े हैं।



**क्षतिग्रस्त**

**देसी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेगी। संरक्षण के अभाव से मस्जिद के गुंबद क्षतिग्रस्त हो गए**

# कई घातक बीमारियों का कारण बन रहा मोटापा, एम्स में बढ़ेगी बेरिएट्रिक सर्जरी, बेड होंगे निर्धारित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मोटापा** डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कैंसर सहित कई घातक बीमारियों का कारण बन रहा है। इन बीमारियों से बचाव के लिए मोटापा कम करने के लिए बेरिएट्रिक सर्जरी का चलन भी बढ़ रहा है। एम्स में भी काफी संख्या में मरीज मोटापे की सर्जरी के लिए पहुंच रहे हैं। इसके मद्देनजर एम्स प्रशासन ने अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को सर्जरी ब्लाक के जनरल वार्ड और प्राइवेट वार्ड में 15 दिन में बेरियाट्रिक सर्जरी के लिए बेड निर्धारित करने और सुविधाएं बढ़ाने का आदेश दिया है। इसलिए जल्द ही बेरियाट्रिक सर्जरी के लिए बेड निर्धारित किए जाएंगे। इससे एम्स में मोटापे की सर्जरी बढ़ेगी।
**15 वर्ष से सुविधा है उपलब्धः** एम्स का जनरल सर्जरी विभाग करीब 15 वर्षों से बेरियाट्रिक की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। एम्स में अब तक करीब 1300 मरीज मोटापे की सर्जरी करा चुके हैं, लेकिन अभी तक मोटापे की सर्जरी कराने वाले मरीजों के लिए जनरल वार्ड और प्राइवेट वार्ड में अलग बेड निर्धारित नहीं थे। इस वजह से अभी ज्यादा सर्जरी नहीं हो पाती और बेरियाट्रिक सर्जरी के लिए दो माह की वेटिंग है।
**अन्य बीमारियों से घिरने के बाद मरीज करा रहे मोटापे की सर्जरीः** जनरल सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. संदीप अग्रवाल ने बताया कि पहले बीएमआई 35 या उससे ज्यादा होने पर मोटापे की सर्जरी का प्रविधान था। करीब एक वर्ष पहले इसके दिशा निर्देश में बदलाव किया गया। मधुमेह या कोई अन्य बीमारी होने पर बीएमआइ 30 होने पर मोटापे की सर्जरी का प्रविधान हो गया है। इस वजह से डायबिटीज टाइप-2 से पीड़ित मरीज यह सर्जरी कराने के लिए बहुत आने लगे हैं। इसके अलावा घुटने की बीमारी, पालीसिस्टिक ओवरी डिजीज से पीड़ित महिलाएं और इनफर्टिलिटी की समस्या से जूझ रहे लोग मोटापा की सर्जरी के लिए अधिक पहुंचते हैं।
इस वजह से अभी बेरियाट्रिक सर्जरी के लिए बेड निर्धारित नहीं होने के बावजूद भी अब हर महीने 12 से 15 मरीजों की यह सर्जरी हो रही है।
**इन बीमारियों का कारण बनता है मोटापाः** प्रोफेसर ने कहा कि मोटापा डायबिटीज, हाइपरटेंशन, हार्ट अटैक, गठिया, नान अल्कोहोलिक फैटी लिवर, पालीसिस्टिक ओवरी डिजीज, 13 तरह के कैंसर सहित कई अन्य बीमारियों का कारण बनता है। मोटापा की सर्जरी कराने के बाद 40 से 45 किलोग्राम तक वजन कम होता है। इससे जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का जोखिम कम होता है। विभिन्न शोधों में यह बात साबित हुई है कि बेरियाट्रिक सर्जरी के बाद मोटापा कम होने से डायबिटीज व फैटी लिवर की समस्या कम हो जाती है। कई मरीजों की यह बीमारियां ठीक भी हो जाती है। इस वजह से सिरोसिस व कैंसर से भी बचाव होता है।




**निर्धारित**

**प्राइवेट वार्ड में 15 दिन में बेरियाट्रिक सर्जरी के लिए बेड निर्धारित करने और सुविधाएं बढ़ाने का आदेश दिया है**

## संपादकीय

# टीकाकरण-अवेयरनेस से जीवनरेखा में सुधार

**यदि** कोरोना प्रकोप छोड़ दिया जाए तो अब इसमें कोई दोराय नहीं कि दुनिया के देशों में जीवनरेखा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के समग्र प्रयासों का परिणाम है कि अपने समय की जानलेवा बीमारियां टीबी, मलेरिया, टाइफाइड, पोलियो, पीलिया, डायरिया आदि पर काफी हद तक कंट्रोल कर लिया गया हैं। दुनिया के देशों में बाल मृत्युदर लगभग आधी रह गई है तो प्रसव के दौरान मातृ मृत्यु दर भी करीब एक तिहाई रह गई है। संस्थागत प्रसव ने हालातों में तेजी से सुधार किया है। दुनिया के अधिकांश देशों में संक्रामक रोगों का असर भी कम हुआ है तो डेंगू, स्वाइन फ्लू व इसी तरह की कुछ जानलेवा बीमारियां सामने आने लगी है। पिछले कुछ दशकों से हमारे देश ही नहीं दुनिया के लगभग अधिकांश देशों में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसके लिए वैक्सीनेशन अभियान और सरकारों द्वारा अनवरत रूप से चलाए जाने वाले अवेयरनेस और नियंत्रण अभियानों से हालातों में तेजी से सुधार हुआ है। लोगों की जीवन प्रत्याषा में बढ़ोतरी हुई है। कोरोना के अपवाद को अलग कर दिया जाए तो जहां 2000 में औसत आयु 67 साल होती थी वह 2019 तक बढ़कर 73 साल हो गई है। यानी की 19 सालों में छह साल अधिक जीने लगे हैं आमनागरिक। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धी है सरकारों और स्वास्थ्य सेवाओं की। यदि हमारे देश की ही बात करें तो जच्चा-बच्चा सुरक्षा अभियान के तहत महिला के प्रेगनेंट होने के साथ से ही नियमित जांच, दवा और टीकों का अभियान चलने के साथ ही प्रसव के बाद बच्चों की सुरक्षा और भविष्य में बीमारी ना हो इसके लिए नवजात बच्चों को मासिक, त्रैमासिक, छमाही, वार्षिक के साथ ही पाचं सात साल की उम्र होने तक जिस तरह से अलग अलग बीमारियों से सुरक्षा के लिए टीके लगाये जा रहे हैं और सरकारी डिस्पेंसरियों में वार विशेष को टीका लगाने की व्यवस्था होने से लोगों में अवेयरनेस आई है और इसका सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगा है। टीकाकरण और समय समय पर एनिमिया, दस्त निरोधक, कृमि नाशक दवाएं अभियान चलाकर उपलब्ध कराने से सेहत के क्षेत्र में लगातार सुधार आया है। यह वास्तव में चिकित्सा जगत की बड़ी उपलब्धि मानी जानी चाहिए और इसके लिए सरकारों व स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को श्रेय दिया जाना चाहिए। उन्हीं के प्रयासों से यह संभव हो पाया है। एक तरफ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से जीवन रेखा बढ़ी है तो तस्वीर का धुधला पहलू यह भी सामने आना लगा है कि जो चीजें हमें प्रकृति से आसानी से मिल जाती है जिन तक सहज पहुंच है उन्हीं की डेफिसिएंसी ज्यादा होने लगी है। यह सब हमारे रहन-सहन, खान-पान और दौड़ती भागती जिंदगी का परिणाम है। आज लोगों में विटामिन डी या सी की कमी आम होती जा रही है। जबकि हम जानते हैं कि चंद मिनटों यानी कि पांच सात मिनट प्रतिदिन धूप सेवन ये विटामिन डी की डेफिसिएंसी को दूर किया जा सकता है पर हालात यह हो गए कि हम केमिकल से तैयार दवा लेने को तैयार है पर पांच मिनट धूप सेवन के लिए हमारे पास समय की कमी है। हांलाकि मेट्रो सिटीज में गगनचुंबी अट्टालिकाओं के कारण सूर्य भगवान से साक्षात्कार करना लगभग मुश्किल भरा हो जाता है।

# नूंह-जैसी हिंसा आखिर कब तक ?

मृत्युंजय दीक्षित

> "जैसे ही नूंह हिंसा के उपद्रवियों के खिलाफ संपूर्ण भारत के हिंदू समाज में आक्रोष की भावना बलवती हुई और विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन का आयोजन किया वैसे ही ये एजेंडाधारी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गये और कहा कि विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की रैलियों व महापंचायत आदि पर रोक लगाई जाये किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने केवल कुछ महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देते हुए विहिप व बजरंग दल पर रोक लगाने की मांग खारिज कर दी । अगर कहीं सुप्रीम कोर्ट विहिप व बजरंग की रैलियों पर रोक लगा देता तो यह लोग फिर बजरंग दल व विहिप पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने लगते"

**हरियाणा** के नूंह की वार्षिक पवित्र ब्रजमंडल यात्रा पर इस वर्ष सुनियोजित हिंसक आक्रमण किया गया । चौतरफा रूप से किये गए हमले में तीन ओर पहाड़ियों से घिरे मंदिर पर पहाड़ियों के ऊपर से गोलियां और मोर्टार दागे गए, घरों की छतों से पत्थर और पेट्रोल बम फेंके गए । आक्रमणकारियों ने सैकड़ों की संख्या में वाहन फूंक दिए । अस्पताल में घुसकर तोड़ फोड़ की और घायलों का इलाज नहीं होने दिया । पुलिस पर हमला हुआ । साजिश इतनी बड़ी और गहरी है कि पीड़ित हिन्दू समुदाय को आरोपी सिद्ध करने की कथा भी पहले से लिख ली गई थी। नूंह की पूर्व नियोजित हिंसा ने सिद्ध कर दिया कि जहां मुस्लिम आबादी बहुसंख्यक हो जाती है वहाँ वह दूसरों का जीना दूभर कर देती है। पीड़ित हिंदू हैं इसलिए छद्म धर्म निरपेक्ष और मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले अज्ञातवास पर निकल गए हैं या फिर उनके मुंह में दही जम गया है । आज कोई पत्थरबाजों से नहीं पूछ रहा कि उन्होंने शांतिपूर्वक निकल रही हिंदू समाज की ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा पर नफरती पत्थर क्यों फेंके? शोभायात्रा में भाग ले रहे निर्दोष स्त्रियों और बच्चों पर पेट्रोल बम व मोर्टार जैसे अवैध हथियारो से हमला क्यों किया? आज कोई उन दंगाइयो से यह नहीं पूछ रहा कि उन्होंने निर्दोष व्यसापारियों की दुकानों में आग क्यो लगाई व तोड़ फोड़ क्यों की ? और तो और हिंदू विरोधी मानसिकता से ग्रस्त पूरी की पूरी आई.एन.डी.आई.ए. की जमात इस एकतरफा हमले में भी हिन्दुओं की गलती ढूँढने में लगी है और निर्दोष गौ रक्षकों को फंसाना चाहती है । कांग्रेस सहित आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन में शामिल सभी दल अपनी विकृत मानसिकता के अनुरूप ही विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल को दोषी सिद्ध करने वाली बयानबाजी कर रहे हैं । देश का विभाजन स्वीकार करने, विभाजन की विभीषिका को झेलने के बाद भी हिन्दुओं ने विभाजन के समर्थक मुसलमानों के भारत में रह जाने को भी सहन कर लिया और 1947 के बाद से आज तक कभी भी, कहीं भी, किसी भी बात पर मुस्लिम समाज पर सुनियोजित हमला नहीं बोला और न ही शासन सत्ता ने ही उनके साथ कोई भेदभाव किया । जबकि मुसलमान सदा ही हिंदू समाज के शांतिपूर्वक चलाये जा रहे धार्मिक कार्यक्रमों, यात्राओं व



अन्य गतिविधियां पर हमले करते रहते हैं शायद ही कोई ऐसा हिन्दू उत्सव, पर्व या धार्मिक यात्रा ऐसी होगी जिसे मुसलमान प्रसन्नता से संपन्न हो जाने दें । आखिर क्यों? कब, तक यह चलता रहेगा। सबसे दुखद पक्ष ये है कि वोट बैंक के लालच में मोहब्बत की फर्जी दुकानों के मालिक ही आतंक के इस माल को सजाने में सहायक हैं । आज भारत में हिंदू समाज के पर्वों व धार्मिक कार्यक्रमो में हमलों की जो बाढ़ आ गयी हैं उसके पीछे कई कारण हैं । आज तुष्टीकरण करने वाले और शांतिप्रिय एजेंडाधारी हर जगह हर संस्थान में घुसे हुए हैं जो दंगो तथा हमलों के दौरान चेहरे पर मास्क लगाकर अपने राजनैतिक आकाओं, मक्कार मीडिया मंचों तथा मयार्दा हीन वकीलों की मदद से दंगाईयों को बचाने की जुगत में लग जातें है। आज भरत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी उपद्रवियों के पक्ष में बोलने के लिए ढेर सारे मानवाधिकारी व अभिव्यक्ति की आजादी के पहरेदार सामने आ जाते हैं, इन्हीं लोगों के कारण दंगा करने वाले अराजक तत्वों का हौसला लगातार बढ़ता जा रहा है। जैसे ही नुंह हिंसा के उपद्रवियों के खिलाफ संपूर्ण भारत के हिंदू समाज में आक्रोष की भावना बलवती हुई और विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन का आयोजन किया वैसे ही ये एजेंडाधारी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गये और कहा कि विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की रैलियों व महापंचायत आदि पर रोक लगाई जाये किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने केवल कुछ महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देते हुए विहिप व बजरंग दल पर रोक लगाने की मांग खारिज कर दी । अगर कहीं सुप्रीम कोर्ट विहिप व बजरंग की रैलियों पर रोक लगा देता तो यह लोग फिर बजरंग दल व विहिप पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने लगते।

आज हर मीडिया प्लेटाफार्म नूंह में हुए हमलों का स्टिंग कर रहा है इससे जो सच उजागर हो रहा है वह बहुत ही खतरनाक तथा रोंगटे खड़े कर देने वाला है। यह हमला बिल्कुल दिल्ली दंगो की तर्ज पर हुआ। दिल्ली में 2020 में हुए दंगे में कांस्टेबल रतन लाल जी की हत्या से पहले सीसीटीवी तोड़े गये थे, छतों पर पत्थर इकटठे किये गये थे, छत से पत्थर और पेट्रोल बम चलाए गए थे। ठीक इसी प्रकार मेवात के नूह में हुई हिंसा दो होमगार्ड की हत्या से पहले सीसीटीवी तोड़े गये। छतों पर पत्थर एकत्र किये गये और छत से ही पत्थर फेंक कर हमला किया गया। फिर उसी समय हिंदू श्रद्धालुओं द्वारा शांतिपूर्वक निकाली जा रही ब्रजमंडल 84 कोसी परिक्रमा जो हर वर्ष आयोजित की जाती है उस पर सुनियोजित हमला किया गया जिसमें अवैध हथियारों और मोर्टार का भी प्रयोग हुआ। घेर कर और अचानक किए गए इस हमले में धारदार हथियारों का भी जमकर प्रयोग हुआ। हमले के प्रत्यक्षदर्शियों ने लगातार गोलियां चलने की आवाज सुनने की बात कही है। यात्रा में शामिल कम से कम तीन हजार लोगों ने एक मंदिर मे छुपकर किसी प्रकार अपनी जान बचाने में सफलता प्राप्त की। दंगाईयों ने महिला जज को भी नहीं छोड़ा और उनकी कार को आग के हवाले कर दिया और महिला जज स्वयं किसी प्रकारअपनी तीन साल की बेटी के साथ अपनी जान बचाकर भागने में सफल हो सकीं, उनकी ओर से मामले की एफ.आई.आर. लिखाई गयी है। महिला जज के साथ हुए इस भयानक हादसे पर भी एक भी जज ने स्वयं संज्ञान नहीं लिया । सुप्रीम कोर्ट तीस्ता सीतलवाड़ और याकूब मेनन पर रहम करने के लिए देर रात तक सुंनवाई कर सकता है किंतु अपनी ही महिला जज के लिए मौन साधे हुए हैं। दंगाईयों ने सोशल मीडिया का जम कर उपयोग किया । जिस दिन दंगे हुए उस समय दंगों का फेसबुक लाइव हो रहा था। उन्मादी मजबही भीड़ ने धार्मिक नारे लगाते हुए 100 से अधिक वाहनों को आग लगाई व उनको तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। अब तक 7 लोगां की मौत हो चुकी है व 150 लोग घायल हैं। हास्यास्पद है कि दंगे की साजिश करने वाले ही पीस कमेटी में हैं । अब तक हुई कार्यवाही में सौ से अधिक दंगाई पकड़े जा चुके हैं जिन लोगों ने सोशल मीडिया पर भडकाने का काम किया उनको भी चिन्हित लिया जा रहा है किन्तु जिनका जीवन उजड़ गया उनका क्या? दंगों का एक पैटर्न बन चुका है, दंगा करने वाली भीड़ एक निश्चित तरीके से हमला कर रही है । हमले के पूर्व योजना तैयार की जाती है घरों की छत पर पत्थर और पेट्रोल बन बनाने का सामान एकत्र किया जाता है, अवैध हथियार जुटाए जाते हैं। पत्थर और पेट्रोल बम फेंकने में महिलाओं व नाबालिग बच्चों को आगे किया जाता है ताकि उन्हें कानून की कमजोरी की आड़ लेकर बचाया जा सके, यही पैटर्न नूंह में भी अपनाया गया । नूंह में हए सुनियोजित हमलों का एक और पक्ष जो अब सबके सामने आ रहा है वह बहुत ही डरावना है और उसकी चर्चा अभी तक कोई नहीं कर रहा है। नूंह की हिंसा कई अन्य जिलों तक पहुंच गई जिसमें बजरंग दल के कई कार्यकर्ता बलिदान हुए हैं उनको कोई खुलकर श्रद्धांजलि भी नहीं अर्पित कर रहा है। बजरंग दल कार्यकर्ता शक्ति सिंह जिसका उस दिन उस यात्रा से कोई सम्बन्ध नहीं था, न ही वह और न ही उसके परिवार का कोई सदस्य यात्रा में शामिल हुआ था किंतु फिर भी वह उन्मादी हिंसा का शिकार हो गया । वह रोज की तरह अपनी दुकान बंद कर घर वापस जा रहा था किंतु कट्टरपंथियों की उग्र हिंसक भीड़ ने उसे पकड़ लिया और उसे पीट पीटकर जान से मार कर झाड़ियों में फेंक दिया।

## कविता

दरख्तो से पुराने घरोंदे वो उठाने लगे
सूखे सरोवर परिंदे छोड़कर जाने लगे है'

नहि अंदेशा है उन्हें अपनी उडान की दूरी का,
कंधे पर रख जीन्दगी का कर्ज चुकाने लगें हैं'

दरख्तों के ठुठ होने का अफसोस नही है,
नन्हे चूजों के नये घोसले बनाने चले है'

कितने दरख़्त,सरोवर सूख गए संजीव
हौसलों से परिंदे नई ऊंचाई नापने चले है।

चूजे भी पुराने दरख्तों के छोटे तिनके,उठाकर,
आदम को दुनिया का आकाश दिखाने चले है।

भूल जाओ पुराने लम्हों ,पलों ,को चलो साथ साथ,
अब परिन्दें भी दुनिया को नई रौशनी दिखाने चले हैं।

संजीव ठाकुर

## माथे पर दिखने वाले कालेपन को दूर करेंगे ये घरेलू नुस्खे

**शहनाज हुसैन**

**माथे** का कालापन अक्सर आपकी खूबसूरती को कम कर देता है/ पोषक तत्वों की कमी, हार्मोनल असुंतलन , तेज धूप या त्वचा मेलेनिन की अधिक मात्रा की वजह से माथा काला होने लगता है। इसका कारण धूल.मिट्टी, माथे पर पसीना आना इत्यादि भी हो सकता है। कई बार लोगों का चेहरा तो चमक जाता है लेकिन माथे का कालापन हटने का नाम नहीं लेता है/ कई बार तो माथे का कालापन दूर से ही दिखने लगता है/ खासकर जब पार्लर से थ्रेडिंग बनवाकर आते हैं तो माथे और बाकी चेहरे के बीच साफ लकीर बन जाती है/ माथे का कालापन बढ़ने के कारण आपके चेहरे की रंगत भी फीकी हो जाती / अगर आप भी माथे के कालेपन से परेशान हो चुके हैं तो ये घरेलू नुस्खे माथे का कालापन दूर करने में आपकी मदद कर सकते हैं। माथे का कालापन दूर करने के लिए ओट्स और छाछ का देशी नुस्खा काफी कारगर साबित होता है / इससे त्वचा की मृतक कोशिकाएं हट जाती हैं और कालापन खतम होने के साथ ही त्वचा की रंगत भी निखरेगी / ऐसे में 2 चम्मच ओट्स को पानी में भिगो दें/ अब 5 मिनट बाद ओट्स में 3 चम्मच छाछ मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे पर आहिस्ता आहिस्ता लगाते हुए चेहरे की मसाज करें / आधा घण्टा बाद चेहरे को ताजे साफ पानी से धो डालें / इसे हटाने के बाद आप मॉइश्चराइजर लगा सकते हैं। इसे आप हफ्ते में तीन दिन तक लगा सकती हैं /

कच्चे दूध में हल्दी मिलाकर-----

हल्दी एंटीसेप्टिक , एंटीबैक्टीरियल और रंगत निखारने वाले गुणों के लिए जानी जाती है/ आप इसका इस्तेमाल करके कालेपन को दूर कर सकते हैं/

माथे पर कालापन कम करने के लिए कच्चे दूध में हल्दी मिलाकर लगाने से भी आपको काफी फायदा होगा।

एक कटोरी में आधा चम्मच हल्दी लें। अब इसमें दूध मिलाकर इसे माथे पर लगाने के बाद प्रकृतिक तौर पर सूखने दें तथा बाद में साफ ताजे पानी से चेहरे को धो डालें / इससे धीरे.धीरे माथे का कालापन कम होगा। माथे को साफ करने के लिए कच्चे दूध को रूई की मदद से लगाएं/ दूध माथे पर आधा घण्टा तक लगाए रखें और उसके बाद पानी से माथा धोएं/ इससे रंगत में निखार आएगा /

आप कच्चे दूध में गुलाब जल को मिलकर भी माथे पर लगा सकते हैं/ दूध में लैक्टिक एसिड मौजूद होता है/ लैक्टिक एसिड त्वचा की रंगत में सुधार करने और कालेपन को दूर करने में मदद कर सकता है/ कच्चे दूध में गुलाब जल मिलाकर सोने से पहले माथे पर अच्छे से लगाएं। फिर आप इसको रातभर ऐसे ही लगा रहने दें। फिर आप सुबह चेहरे को धोकर साफ कर लें। कच्चा दूध से त्वचा की रंगत साफ होती है और चेहरे की रंगत में निखार आता है।

## विचार

# भारत और भूटान का सफरनामा

सुनील चौरसिया 'सावन'

**हिंदुस्तान की मिट्टी में सुगंध है भूटानी।**
**भूटान की भूमि में नमी है हिंदुस्तानी।। -'सावन'**

**भारत** और भूटान एक दूजे के हितैषी हैं।भूटान भारत के साथ कुल 699 किलोमीटर की स्नेहपूर्ण सीमा साझा करता है। भारत के 4 राज्य सिक्किम ,पश्चिम बंगाल ,असम और अरुणाचल प्रदेश भूटान के साथ सीमा साझा करते हैं।भूटान में सबसे अधिक बौद्ध धर्म का पालन किया जाता है। देश में लगभग 75% आबादी बौद्ध धर्म का अनुसरण करती है, जिसमें वज्रयान बौद्ध धर्म का बहुमत है। पूर्वोत्तर भारत में भी बौद्ध धर्म की प्रधानता है। भारत और भूटान का सफरनामा मनहर है, अविस्मरणीय है.... मंद-मंद समीर का स्पर्श पाकर हिमालय पर लहरते हुए दार्जो। लाल, पीला, हरा, नीला और सफेद दार्जो अर्थात बौद्ध पताका जिस पर मंत्रों का उल्लेख होता है। जब भी आप हिमालय की चोटी पर सफर करेंगे तब सड़क के किनारे लहरते हुए पवित्र धर्म ध्वज के दर्शन हो ही जाएंगे। हिमालय पर्वत पर बौद्ध धर्म की प्रधानता है । यहां के लोग अपनी मनोकामना को पूर्ण करने के लिए या पूर्ण होने पर पहाड़ पर अपना धर्म ध्वज पवित्र भाव से बांधते हैं। हमें यह जानकारी यात्रा के दौरान प्राप्त हुई। दिसंबर के प्रथम सप्ताह में हमारे केन्द्रीय विद्यालय टेंगा वैली अरुणाचल प्रदेश में शीतकालीन अवकाश होता है। यात्रा 4 दिसम्बर 2020 की है। छुट्टी के बाद हम शिक्षक साथियों ने मिलजुल कर गाड़ी रिजर्व कर ली थी। टेंगा वैली से घर की यात्रा शुरू हुई। हिमालय पर हाड़ कंपा देने वाली ठंड। ठंड के मारे यहां की घासें सुख कर पीली हो जाती हैं। कभी-कभी इतनी बर्फबारी होती है की घास का नामोनिशान ही मिट जाता है।

हमारी गाड़ी टेंगा घाटी से रूपा होते हुए जिगांव तक पहुंच चुकी थी। रास्ते में शेर गांव भी पड़ता है जो सेव की खेती के लिए मशहूर है। जिंदगी की भांति घुमावदार मार्ग। चारों तरफ घनघोर जंगल। ठंड से ठिठुर ठिठुर कर पीले पड़े हुए वृक्ष। सड़क के बीचों बीच में हमारे स्वागत हेतु दल के दल बादल। बादलों के बीच से जब हमारी गाड़ी गुजर रही थी तो नजारा बहुत ही मनमोहक था। कई बार तो गाड़ी को रुकवाकर हम सब बादलों की बस्ती में मस्ती करते रहे। तेनजिंग गांव और कलकतांग का प्राकृतिक सौंदर्य मनोहर है।जब भी हम कलकतांग से गुजरते हैं तो वहां के एनसीसी कैडेट्स की याद आती है। हिमालय पर्वत पर कुछ होटल हैं जहां बहुत ही स्वादिष्ट भोजन मिलता है। मात्र ?100 में एक थाली भोजन मिलता है जिसमें दाल, भात, सब्जी, पापड़ और सलाद मिलता है। यहां के लोग चावल को ज्यादा पसंद करते हैं । रोटी कहीं-कहीं मिलती है। यहां के लोग चावल और भात को 'खाना' कहकर संबोधित करते हैं। यहां बकरी, मुर्गा , मछली और सूअर के मांस को विशेष रूप से पसंद किया जाता है। हमारे साथ कुछ शिक्षक साथी शुद्ध शाकाहारी होते हैं जिनके लिए यहां के होटलों में विशेष भोजन का प्रबंध रहता है। मैं भी शाकाहारी ही हूं। इसी भाव को मैंने भोजपुरी में पंक्तिबद्ध किया है-

**हम हईं शाकाहारी।**
**नाहीं हईं मांसाहारी ।।**

**न चले मछरी, न मुर्गा, न खंसियां**
**बात कहें सांचे सुनील चौरसिया ।।**

**भोजन** करने के पश्चात हमारी गाड़ी कलकतांग से डेंजी की तरफ बढ़ी। रिमझिम- रिमझिम वर्षा हो रही थी। सड़क के किनारे एक श्मशान घाट दिखा। जिसमें कुछ लोग खड़े थे और मूसलाधार बारिश में एक लाश धूं - धूंकर जल रही थी। यहां अक्सर बारिश होती रहती है। इसीलिए इस मसान घाट में छतरी नुमा बना होती है ताकि लाश को जलाने में समस्याओं का सामना ना करना पड़े। हिमालय पर्वत पर यात्रा आनंददायक होती है। मुझे उल्टी की समस्या है। इसलिए यात्रा शुरू होने से एक घंटा पूर्व दवा का सेवन कर लेता हूं ताकि यात्रा का भरपूर आनंद लिया जा सके। पहाड़ी मौसम अपना रंग बदलता रहता है । कभी धूप, कभी धुंध, कभी वर्षा, कभी कोहरा। टेंगा घाटी से घर जाने हेतु पहाड़ से उतरकर असम जाना होता है। पहाड़ी यात्रा 8 से 10 घंटे की होती है। प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते-लेते यात्रा के दौरान हम सब गाड़ी में सो गये। बीच सफर में मेरी नींद खुली तो देखा- एक शिखर से दूसरे शिखर के मध्य बहुत ही खूबसूरत इंद्रधनुष। रास्ते में हाथी का मल एवं पांव के निशान थे। चालक ने हमें बताया कि यहां जंगली हाथी घूमते रहते हैं और कई बार गाड़ी को घेर लेते हैं। सड़क के किनारे केले का जंगल। जंगल में भयानक जानवरों का दंगल। कहीं दंगल कहीं जंगल में मंगल। असम से अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने के लिए इनर लाइन परमिट की जरूरत पड़ती है लेकिन अरुणाचल प्रदेश से असम में प्रवेश करने के लिए किसी प्रकार की कोई जांच नहीं होती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# नेताजी की केचुली

**भगवान..** जाने नेताओं को वह किस मिट्टी से तैयार करता है ! कि वह इतने अजब गजब तैयार होते हैं। कभी शेर जैसे दहाड़ कर दमदार होते हैं, तो कभी गधे के जैसे ढेचू-ढेचू करते रहते और लाचार होते हैं ।जाने किस-किस प्राणियों से इनके गुण -दोष, ग्रह नक्षत्र मिलते रहते हैं । यह खुद भी नहीं जानते हैं वह तो मौके बेमौके उजागर होता है । तब इन्हें अपनी खुद की शक्ति का पता लगता है और जनता को ज्ञात होता है। कभी गिरगिट से तो ,कभी लोमड़ी से ,तो कभी सांप से और भी खतरनाक प्राणियों से उनके हावभाव बात व्यवहार मिलते जुलते रहते हैं। लेकिन हम यहां पर सांप की बात करेंगे सांप और नेताओं में यूं तो बहुत सी बाते एक समान एक जैसी है । लेकिन कुछ निम्न बातें गौर करने योग्य है :-- कभी-कभी तो यह समझ में नहीं आता कि सांप नेता से शिक्षा ग्रहण करता है या नेता सांपों से शिक्षा ग्रहण करके आते हैं । सांप अपना जहर अपने बुरे समय के लिए बचा कर रखता है उसका इस्तेमाल यदा-कदा करता है। नेता भी अपने तरकस के सारे तीक्ष्ण तीर बचा कर रखते हैं अपने विपक्षी पार्टी को पटखनी देने के लिए और घात लगाकर वक्त पर इस्तेमाल करते हैं। सबसे कॉमन बात है दोनों का ही केचुंली उतारना.. सांप जब तब अपनी पुरानी केचुली उतारकर हर बार अपने को नया कर लेता है । और वह ऐसा थोड़ा बढ़ने पर ही करता है । नेता भी हर चुनाव में एक नई केचुली पहन लेते हैं। जनता को दिखाने के लिए.. अपने को पाक साफ बताने के लिए, सब को विश्वास दिलाने के लिए । नेता भी अपनी केचुंली बहुत धीरे-धीरे उतारते हैं जैसे सांप धीरे-धीरे आराम से अपनी केचुंली उतारते है ।अच्छा है सांप कोई चुनाव नहीं लड़ता है। सांप और नेता दोनों ही बहरे होते हैं इन्हें सामान्य तौर पर कोई भी आवाज सुनाई नहीं देती है ।सांप हवा में पैदा होने वाली ध्वनि तरंगों को अपने त्वचा से महसूस करके प्रतिक्रिया करता है और नेता हवा में उठने वाली अपने खिलाफ तरंगों को अपनी अद्भुत क्षमता के द्वारा पहचान कर प्रतिक्रिया देते हैं । और उसका निस्तारण करते हैं। उसके अलावा अन्य समय पर शांत और चुपचाप शांति बनाए रखते हैं। चाहे आप उनके सामने ढोल बजाइए या नगाड़ा बजाइए कोई अंतर नहीं पड़ेगा। सांप अपने से तीन गुना बड़े शिकार को भी आसानी से निगल जाता है ।

नेता भी अपनी आवश्यकता से सौ गुना अधिक माल बिना डकार लिए पचा जाते हैं। एसिडिटी भी नहीं होती और किसी को भनक भी नहीं लगने पाता है । ऐसे ही थोड़ी ना अपने देश में बड़े-बड़े घोटाले हो जाते हैं ।

## न न करते प्यार तुम्हीं से...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**गैंग्स** ऑफ बायकॉट ने जो रहम और करम खान पर दिखाई है उससे मुझ जैसे दो कौड़ी के निकम्मे को भी फिल्म बनाने का हौंसला मिला है। आपने बायकॉट करने के नाम पर सफलता के नए सूत्र प्रतिपादित किए हैं। इन सूत्रों को ध्यान में रखते हुए आने वाले समय में सभी फिल्म निमार्ताओं को एक से बढ़कर एक वाहियात फिल्में बनानी चाहिए। मुझे तो उस समय बड़ी खुशी हुई जब आपने फिल्म का नाम बदले बिना, निमार्ता-निर्देशक, अभिनेता-अभिनेत्री से हाथापाई किए बिना, मुँह पर लीपा-पोती किए बिना, फिल्म का कोई सीन कट किए बिना या बदले बिना आपने उसे अपनी पब्लिसिटी दे दी। मुझे पूरा विश्वास हो गया है कि आप लोग गीदड़-सियार तो कतई नहीं हो सकते। हाँ मच्छरों और मक्खियों से गए गुजरे जरूर हो। गीदड़ भभकियों के नाम पर आप डराते तो हो लेकिन एक्शन की बारी आते ही टाँय-टाँय फिस्स हो जाते हो। मैं आपको पूरा विश्वास दिलाता हूँ कि मैं ऐसी फिल्म बनाऊँगा जिससे आप लोगों को ऐसी-ऐसी जगह पर मिर्ची लगेगी न बताने लायक रहेंगे और न दिखाने लायक। मैं इस बात का पूरा ध्यान रखूँगा कि अभिनेत्री तुम्हारी भावनाओं को आहत करने वाली हर अदा धड़ल्ले से करे। अभिनेता अपनी बीच वाली अंगुली उठाकर आपको भड़काने की पूरी कोशिश करेगा। मैं ऐसे-ऐसे गाने रखूँगा कि न उसे तुम सुन पाओगे और न तुम्हारे घर वाले। हाँ इतना जरूर कहना चाहूँगा कि आपके पैर क्लब या बार में जाने पर अवश्य थिरक उठेंगे। मैं तुम्हारी संस्कृति, परंपरा, आस्थाओं, भावनाओं सबकी ऐसी बैंड बजाऊँगा कि आप सोच में पड़ जायेंगे कि कौनसा सीन सबसे ज्यादा शर्मींदा करने वाला है। मैं आपको भड़काने, बहकाने, लड़ने-झगड़ने, हिलन-डुलने के सभी अवसर उपलब्ध कराऊँगा, लेकिन मेरी आपसे केवल एक प्रार्थना है कि आप मुझ पर इतने केस कर दें कि लोग गूगल करने पर मजबूर कर दें कि यह बंदा आखिर कौन हैं। अपने आकाओं वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, गृहमंत्रियों या बिन सिर-पैर के बात करने वाले पहुँचे हुए तीसमारखानों से मेरी फिल्म के खिलाफ फतवा जारी करवा दें।

## न्यूज फ्लैश

### संत प्रेमपाल सागर से मिलने कुंजपुरा पहुंचे कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कुंजपुरा गांव स्थित विकास क्लब में शनिवार को कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के विद्याथियों ने सामाजिक संस्था की गतिविधियों के बारे में जाना। क्लब के संरक्षक संत स्वरूप प्रेमपाल सागर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यह संस्था 40 वर्ष से राष्ट्रसेवा को समर्पित है। सामाजिक, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य, धार्मिक व साहित्यिक गतिविधियां संचालित करती है। प्राकृतिक आपदाओं व युद्ध के समय राष्ट्र को हर संभव योगदान दिया है। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने कुंजपुरा में घर-घर जाकर ग्रामीणों से उनकी आजीविका, रोजमर्रा की जिंदगी व परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य के बारे में जाना। ग्रामीण परिवेश से जुड़ी समस्याओं के बारे में भी पूछा। इसके साथ ही स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।
संत प्रेमपाल सागर ने विद्यार्थियों को कहा कि समाज, राष्ट्र और वातावरण के प्रति सजग एवं समर्पित जीवन जीना चाहिए, जिसकी राष्ट्र को हमेशा जरूरत रही है। सभी नागरिक तंदुरुस्त रहेंगे, तभी खुशहाली बढ़ेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को शास्त्रों से संबंधित बातें बताते हुए समुद्र मंथन की कथा बताई और समुद्र मंथन से उत्पन्न हुए वैद्य धन्वंतरी के चिकित्सा विज्ञान को भी आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# पानीपत: जिले के चारों हलकों में भाजपा निकालेगी तिरंगा यात्रा: अर्चना

## जिला अध्यक्ष ने चारों हलकों में तिरंगा यात्रा निकालने को लेकर ली बैठक

**राष्ट्रभक्ति**

**इसराना हलके में 12, समालखा में 13, पानीपत ग्रामीण में 14 व पानीपत शहरी में तिरंगा यात्रा निकालेगी 15 को: अर्चना**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
भाजपा जिला अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने शुक्रवार शाम को हुडा सेक्टर 12 स्थित अपने कार्यालय में पार्टी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर जिला के चारों हलकों में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्राओं को लेकर पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा इसराना हलके में 12 अगस्त, समालखा में 13, पानीपत ग्रामीण में 14 और पानीपत शहरी हलके में 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला के चारो हलकों में पार्टी द्वारा निकाली जाने वाली तिरंगा यात्राओं में संबंधित हलकों के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य संजय छौक्कर व सुलेख डिडवाडा, भाजपा नेता विनोद छौक्कर, जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना व रविंद्र भाटिया, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री ऋषिपाल रावल, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष गंगाराम स्वामी, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र शर्मा हलदाना, रविंद छौक्कर, सुदर्शन पराशर, बिजेंद्र आटा, निशा सिंह, कुलदीप जांगड़ा व सुनीता गोयल आदि मौजूद रहे।

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने कलर्कों की हड़ताल का किया समर्थन

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
रिटायर्ड कर्मचारी संघ की पानीपत जिला कमेटी की बैठक शनिवार को गीता कालोनी स्थित सीटू कार्यालय में जिला प्रधान बलवान सिंह की अध्यक्षता में हई और बैठक का संचालन जिला सचिव भलेराम शर्मा ने किया। बैठक में रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने कलर्को की पे स्केल बढ़ाने को लेकर चल रही अनिश्तिकालीन हडताल का समर्थन किया और सरकार से मांग की गई कि कलर्कों की 35400 रूपए पे स्केल बढ़ाने की मांग जायज है, इसको सरकार द्वारा जल्द ही मानकर लागू किया जाये। वहीं जिला प्रधान बलवान सिंह ने कहा कि पानीपत जिला में यमुना का तटबंध टूटने से आसपास के गांवों के किसानों की हजारों एकड फसल बाढ का पानी भरने से खराब हुई है, सरकार व जिला प्रशासन से मांग है कि खराब हुई फसलों की जल्द से जल्द गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा दिया जाये। बैठक में ही जिला कार्यकारिणी के खाली पदों को भरा गया, जिसमें ईश्वर शर्मा को उपप्रधान, मदन रावल को प्रेस सचिव, रामपाल कुंडू को ऑडिटर व एसए खान को सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर किसान सभा के प्रधान सुरेंद्र मलिक, राज्य सदस्य समबीर चालिया, प्रीतम रावल, ईश्वर शर्मा, रामभज शर्मा, दिलावर सिंह, सीता राम, ओमप्रकाश, जयभगवान शर्मा, कलीराम, रामनिवास व रघबीर जागलान आदि मौजूद रहे।

## 10 ग्राम 8 मिलीग्राम स्मैक सहित आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** स्पेशल स्टाफ असंध की टीम द्वारा आरोपी जोनी पुत्र गोपालदास वासी शिव कॉलोनी करनाल को विश्वसनीय सूचना पर दबिश देकर नहर पटरी रामनगर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम 8 मिलीग्राम बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए है। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह पिछले कुछ समय से फरमान उर्फ शाहरुख वासी चौसाना उत्तर प्रदेश से सस्ते दाम में स्मैक खरीदकर महंगे दाम में बेचने का काम कर रहा था। आरोपी ने बताया कि कुछ दिन पहले ही वह स्मैक खरीदकर लाया था और कुछ समय तक आरोपी ने छोटी-छोटी मात्रा में अलग-अलग नशा करने वाले लोगों को बेची थी।

## 'लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित रहने की भी आवश्यकता'

**कौशल विषय**

**प्रेरणा एवं निर्णय कौशल पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। चौधरी** चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में विस्तार अधिकारियों के लिए प्रेरणा एवं निर्णय कौशल विषय पर चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. संजय कुमार ने की। उन्होंने कहा कि विस्तार शिक्षा संस्थान चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर प्रोफेसर बलदेव राज कांबोज के नेतृत्व व कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा.बलवान सिंह मंडल के मार्गदर्शन में उत्तर भारत के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए एवं आह्वान किया कि अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान सिखाई गई बातों का अपने कार्य स्थल पर अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित रहने की भी आवश्यकता है। खासतौर पर विस्तार अधिकारियों को चूंकी किसानों को नवीन तकनीकों एवं योजनाओं को हस्तांरित करना होता है, इसलिए उनके लिए प्रेरित रहना एवं समय प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक डॉ.अनिल रोहिला ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, एवं झारखंड के विस्तार अधिकारियों ने हिस्सा लिया है। प्रशिक्षण के दौरान विस्तार अधिकारियों को टीम-बिल्डिंग, प्रेरणा कौशल, जनसंचार का कृषि विस्तार में योगदान, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन इत्यादि विषियों पर व्याख्यान दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षुओं को कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र का भ्रमण भी करवाया गया है। डॉ.अनिल रोहिला ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि समय प्रबंधन किसी भी व्यक्ति की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होता है। यदि हम अपने कार्यों को महत्व के आधार पर वर्गीकृत करके उनको समय पर पूरा करें तो हम अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

## सच्चे मन से करनी चाहिए शीतला माता की पूजा-अर्चना : सुमिता सिंह



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। शीतला** माता क्लब द्वारा शीतला माता मंदिर मद्रासी कॉलोनी रामनगर में आयोजित 68वां वार्षिक पूजन उत्सव में पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। उन्होंने उत्सव कार्यक्रम का रिबन काटकर शुभारंभ किया। शीतला माता क्लब द्वारा सुमिता सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर सुमिता सिंह ने शीतला माता मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी उत्सव का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी को शीतला माता की पूजा अर्चना करनी चाहिए। जो श्रद्धालु एवं भक्त सच्चे मन से शीतला माता की पूजा करता है, माता उसकी अवश्य ही सुनती है। श्री शीतला माता क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि वार्षिक पूजन उत्सव में हर साल श्रद्धाले जलती आग के अंगारों पर चलते हैं और माता उनकी रक्षा करती है।

## वीर शहीदों की याद में 8 अगस्त को होगा सामूहिक पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया /संजय शर्मा**
**नारनौल।** आजादी से अब तक देश पर मर-मिटने वालों की पुण्य स्मृति में 8 अगस्त को रघुनाथपुरा में सामूहिक पौधारोपण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी कमल सिंह यादव तथा वन राजिक अधिकारी रजनीश यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि 15 अगस्त 1947 से 30 जून 2023 तक जिला महेंद्रगढ़ में लगभग 225 जवानों ने देश की सरहदों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। उन पर हमें गर्व है कि उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान अपने लिए या अपने परिवार के लिए नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए दिया है। इनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन सके, इसी कोशिश में महेंद्रगढ़ जिले में एक शहीद स्मृति वन की स्थापना राष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा टीम द्वारा की जा रही है।

## बाईक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एंटी व्हीकल थेफ्ट की टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चार मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।
चोरी के पहले मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट की टीम द्वारा आरोपी अशोक कुमार उर्फ दाना पुत्र भीम सिंह वासी बरसत थाना घरौंडा को एरिया घरौंडा से विश्वसनीय सूचना पर गिरफ्तार किया गया। जांच में आरोपी से तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई। जांच में पाया गया कि आरोपी द्वारा थाना सिविल लाइन और थाना सदर के एरिया से तीन मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में थाना सिविल लाइन और थाना सदर में मोटरसाइकिल चोरी के मुकदमे दर्ज किए गए थे।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी आदतन अपराधी है और जल्दी अमीर बनने के लिए चोरी करता है। आरोपी पर पहले भी चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें आरोपी जेल भी जा चुका है और अब आरोपी ने जमानत पर आकर इन वारदातों को अंजाम दिया था। चोरी के दूसरे मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम द्वारा आरोपी विकास कुमार पुत्र कृपाल सिंह वासी खेड़ी मानसिंह थाना इंद्री को इंद्री कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया। जांच में आरोपी से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। जांच में पाया गया कि आरोपी द्वारा पिछले साल इंद्री एरिया से मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था।

## प्रदेश में सिस्टम बदल कर आमजन का जीवन किया आसान: सुभाष



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** भाजपा के एससी मोर्चा के जिला प्रभारी सुभाष चन्द्र ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज हित में निरंतर काम कर रही है। सरकार का ध्येय पारदर्शिता के साथ नागरिकों के लिए बनाई गई हर योजना का लाभ धरातल तक पहुंचाना है। सरकार ईज ऑफ लिविंग की दिशा में बढ़ते हुए नागरिकों के जीवनस्तर में सुखद बदलाव लाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गरीब से गरीब व्यक्तियों, किसानों और पिछड़े वर्ग की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर बन सके। मनोहर के राज में आज युवाओं के हाथों में किताबें दिखाई देती है क्योंकि अब हरियाणा में नौकरी सिफारिस से नही योग्यता से मिलती है युवाओं से अपील करते हुए। सुभाष चंद्र ने कहा कि भारत युवाओं का देश है देश और प्रदेश की प्रगति मे युवा ही अहम भूमिका निभा सकते है अत युवा लक्ष्य धारण कर कार्य करें। सुभाष चन्द्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने प्रदेश का एक समान विकास सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2014 में हरियाणा एक- हरियाणवी एक का नारा दिया था। पिछले 8 वर्षों में राज्य सरकार ने क्षेत्रवाद व परिवारवाद की राजनीति से ऊपर उठकर सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य करवाए हैं और आज हरियाणा विकास के पथ पर देश में कई राज्यों से आगे निकल रहा है। हरियाणा की कई जन कल्याणकारी योजनाओं को देश के अन्य राज्यों में भी लागू किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार एक सिद्धांत पर कार्य करती है। मनोहर सरकार थ्री-सी पर प्रहार करती है। ये 3 सी हैं- करप्शन, क्राइम और कास्ट से जुड़ी राजनीति। सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। यदि कोई भी सरकारी कर्मचारी, कोई नागरिक गलत काम करता हुआ पाया गया तो कड़ी करवाई होती है।

## काउंसलिंग व दखिला प्रकिया शुरू हुई: प्राचार्य अनिल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के प्राचार्य अनिल सहरावत ने बताया कि इंजीनियरिंग के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढने तथा रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए संस्थान में काउंसलिंग व दाखिला प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी हे। उन्होंने बताया कि रोजगार को प्राथमिकता देते हुए संस्थान ने सिसको कंपनी के साथ एमओयू साईन किया हुआ है, जो यहां से पास आउट विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान करने में सहायता करती है। प्राचार्य श्री सहरावत ने बताया कि संस्थान में हीरो मोटो कॉर्पस कंपनी ने भी उत्कृष्ठ्द केन्द्र स्थापित किय हुआ है, जिससे युवाओं को ऑटोमोबाईल के क्षेत्र में आगे बढने में सहायता मिलती है। इसके अलावा एशियन पेन्ट-पूणे, रोहतक, मुम्बई, एयर लिक्विड-पानीपत, नोएड़ा, आदित्य बिरला ग्रुप-पानीपत, लोंजा इंण्डिया-धारूहेड़ा, आईएसजीईसी-यमुनानगर, मित्तल एनर्जी लिमिटिड (भटिड़ा),जीई एविएशन-पूणे, एनपीसीएल नोएड़ा, वेट सिस्टम प्राइवेट लिमिटिड-सोनीपत व अन्य बहुराष्ट्रीय व राष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन समय-समय पर करवाया जाता है ताकि यहां पर पढने वाले विद्यार्थियों को तुरंत रोजगार मिल सके।

## आई.बी. महाविद्यालय में हवन यज्ञ कर नए सत्र की हुई शुरूआत

**संस्कृति**

**नए सत्र पर हवन-यज्ञ आयोजित करना हमारे महाविद्यालय की एक नियमित परंपरा है**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आई.बी. महाविद्यालय,** पानीपत में हवन यज्ञ का आयोजन कर नए सत्र की शुरूआत की गई। इस अवसर पर प्रबंध समिति के महासचिव एल.एन. मिगलानी, सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी , प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, शिक्षक वर्ग, गैर-शिक्षक कर्मचारी व छात्र-छात्राओं ने हवन में आहुतियां डाली। प्रबंध समिति के महासचिव एल.एन. मिगलानी ने कहा कि नए सत्र पर हवन-यज्ञ आयोजित करना हमारे महाविद्यालय की एक नियमित परंपरा है। यह एक ऐसी सात्विक क्रिया है जिससे न केवल हम सब की मंगल कामना करते हैं अपितु वातावरण की भी शुद्धि होती है। यज्ञ की ज्वाला से निकलते हुई वायु सुगंधित और स्वास्थ्यवर्धक होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि सनातन धर्म में यज्ञ परंपरा सदियों से चली आ रही है। हमारे धार्मिक ग्रंथों रामायण और महाभारत में भी यज्ञ और हवन का उल्लेख किया गया है। अग्नि के माध्यम से ईश्वर की उपासना करने की प्रक्रिया को हवन यज्ञ कहते हैं । माना जाता है कि यह हमारे जीवन में सकारात्मकता लेकर आता है और हवन को आज भी उतना ही शुभ फलदाई माना जाता है जितना कि पहले। इसलिए आज महाविद्यालय के नए सत्र की शुरूआत हवन द्वारा की गई ताकि भगवान का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे। प्राचार्य ने स्टाफ सदस्यों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि वे छात्रझछात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा व खेल के साथ ही अन्य गतिविधियों में भी छात्रझछात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप-प्राचार्य प्रो. रंजना शर्मा, सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग के सदस्य एवं प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 32 लाख परिवारों को पीडीएस योजना का मिल रहा लाभ : सीएम

## 9,434 दुकानों पर पी.ओ.एस. मशीनों के द्वारा उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाया जा रहा राशन, मुख्यमंत्री ने राशन डिपो धारकों से किया संवाद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रदेश के लगभग 32 लाख परिवारों को पीडीएस योजना का लाभ मिल रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सरल बनाने के लिए हमारी सरकार ने सिस्टम में कारगर बदलाव किया है। अब सब काम ऑनलाइन तरीके से पारदर्शिता से हो रहे हैं, इससे लाभार्थियों के साथ साथ डिपो धारकों को भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। मुख्यमंत्री आज यहां सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत ने ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राशन डिपो धारकों से सीधा संवाद कर रहे थे। संवाद के दौरान डिपो धारकों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सरल बनाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। डिपो धारकों ने कहा कि पहले लोग बार - बार हमारे पास आकर राशन के आने की तारीखें पूछा करते थे, उनके सवालों के जवाब देते - देते हम कई बार थक जाया करते थे।



लेकिन हरियाणा सरकार ने हमारी इस परेशानी को दूर करने के लिए राशन की सूचना को उपभोक्ताओं के मोबाइल के साथ जोड़ा, जिससे उपभोक्ताओं के साथ साथ हम डिपो धारकों को भी बड़ी राहत मिली है। सरकार ने सारी प्रक्रिया को ऑनलाइन करके हमारी परेशानियों को कम किया है।

**9,434 दुकानों पर पी.ओ.एस. मशीनों के द्वारा उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाया जा रहा राशनः** मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले लोगों की शिकायत होती थी कि हम को राशन नहीं मिला, राशन कम मिला, हमारा राशन कोई और ले गया या राशन कार्ड कट गया, ऐसी सभी शिकायतों के समाधान के लिए सरकार ने ई.पी.डी.एस पोर्टल की शुरूआत की। इसके तहत उचित मूल्यों की 9,434 दुकानों पर स्वचालित पी.ओ.एस. मशीनों के द्वारा उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। सभी राशन डिपुओं पर पी.ओ.एस. मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं। इससे आवश्यक वस्तुओं का शत - प्रतिशत वितरण बायोमेट्रिक आधार पर प्रमाणीकरण करने के बाद किया जा रहा है।

अब कोई भी अपात्र व्यक्ति फर्जी तरीके से राशन प्राप्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि सरकार ने राशन की सूचना को उपभोक्ताओं के मोबाइल के साथ जोड़ दिया है। अब राशन की दुकान पर सप्लाई पहुंचते ही उपभोक्ताओं को मोबाइल संदेश द्वारा राशन आने की जानकारी स्वतः ही मिल जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किये गये अंत्योदय अभियान का डिपो धारकों को सारथी कहना गलत नहीं होगा, क्योंकि आप सबसे गरीब व्यक्ति की भूख मिटाने के लिए राशन वितरण करने का काम करते हैं। यही नहीं, कोविड-19 महामारी के दौरान दी गई आपकी सराहनीय सेवाएं इसका उदाहरण हैं। उस समय प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया था कि देश में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए।

### उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन में 33 प्रतिशत महिलाओं को दी जाएंगी राशन की दुकानें

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा सरकार ने एक और कदम उठाया है, जिसके तहत यह तय किया है कि उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन में 33 प्रतिशत महिलाओं को राशन की दुकानें दी जाएंगी। जो नई राशन की दुकानें खुलेंगी, उनके लिए यदि महिलाएं आवेदन करती हैं तो प्राथमिकता आधार पर उनको दुकानें आवंटित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के हर राशन कार्डधारक को देश में कहीं भी राशन प्राप्त करने की सुविधा देने के लिए एक राष्ट्र- एक राशन कार्ड योजना चलाई है। पहले रोजगार अथवा किसी अन्य कारण से अपने मूल निवास से दूर जाकर रहने वाले गरीब परिवारों को राशन नहीं मिल पाता था।

# किरण चौधरी का पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर वार, झूठी घोषणाएं सही नहीं

**साधा निशाना**

अभी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी की ओर से कोई भी मेनिफेस्टो जारी नहीं हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
हरियाणा के नारनौल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपने आप ही कांग्रेस का मेनिफेस्टो बना रहे हैं, जबकि सच्चाई है कि अभी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी की ओर से कोई भी मेनिफेस्टो जारी नहीं हुआ है। ऐसे में झूठी घोषणाएं करना सही नहीं रहता। वे सीआईए रोड स्थित रईस गार्डन में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। इस मौके पर कांग्रेस का महिला सम्मेलन भी आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉक्टर राज सुरेश भी मुख्य रूप से उपस्थित रही। उन्होंने आम आदमी पार्टी छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।



**पार्टी तैयार करेगी मेनिफेस्टोः** कांग्रेस विधायक दल की पूर्व नेता व पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी के कुछ लोग पेंशन बढ़ाने संबंधी वह अन्य कई बड़ी घोषणाएं अपने आप ही करने में लगे हुए हैं। जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस पार्टी की ओर से ऐसी किसी भी घोषणा को मंजूरी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी लेवल पर एक मेनिफेस्टो तैयार किया जाएगा।

**कांग्रेस हमेशा सच्चाई के साथः** उन्होंने कहा कि वे कभी भी झूठी घोषणाएं नहीं करती हैं तथा हमेशा सच्चाई के साथ ही रहती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश के लोगों को अनेक कार्यों में राहत दी जाएगी। पिछले 1 माह से धरने पर बैठे क्लर्कों का वेतन भी कांग्रेस का राज होने के बाद बढ़ा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से दुखी हो गई है तथा प्रदेश में परिवर्तन लाना चाहती है। जिसके चलते लोगों का झुकाव कांग्रेस पार्टी की ओर हो गया है। रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं।

# पीएम मोदी आज वर्चुअली करेंगे रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शुभारंभ

## अमृत भारत स्टेशन योजना के पहले चरण में हरियाणा के 15 रेलवे स्टेशनों का भी होगा पुनर्विकास, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री का जताया आभार

**कायाकल्प**

हरियाणा राज्य के भी 15 रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है, जिनका आधुनिकीकरण किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भारत में रेलवे स्टेशनों के विकास हेतु शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। इस योजना के तहत हरियाणा राज्य के भी 15 रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है, जिनका उन्नयन/आधुनिकीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने




इस योजना के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास से यात्रियों को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे सार्वजनिक परिवहन सेवा को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के 15 रेलवे स्टेशनों के अलावा आगामी चरणों में अन्य स्टेशनों का भी विकास किया जाएगा। राष्ट्रीय समारोह का वर्चुअली सभी रेलवे स्टेशनों/कार्यक्रम स्थलों पर सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों पर शौचालय, वेटिंग एरिया/हॉल, मुफ्त वाई-फाई सुविधा, उत्पादों के लिए कियोस्क इत्यादि कई प्रकार की सुविधाओं सहित स्टेशनों का कायाकल्प किया जाएगा।

# 'ढाणियों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाने के लिए तैयार की जा रही है योजना'

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ**
हरियाणा के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश की लगभग 10 हजार ढाणियों में बिजली उपलब्ध करवाने के लिए एक योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के तहत गांवों के लाल डोरों के बाहर एक किलोमीटर की परिधि में आने वाली सभी ढाणियों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाने का कार्य पूरा किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने यह जानकारी हिसार के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित बिजली पंचायत में लोगों



की बिजली से संबंधित शिकायतों का समाधान करते हुए दी। उन्होंने हिसार के अलावा आस-पास के जिलों से आए बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना और समाधान के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी। उन्होंने गांव जमावड़ी के ग्रामीणों द्वारा बिजली से संबंधित रखी गई शिकायत पर कड़ा संज्ञान लेते हुए संबंधित उपमंडल के एसडीओ को चार्जशीट करने तथा जेई को निलंबित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से गांव मंगाली के ग्रामीणों द्वारा लाईनमेन के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। इस पर बिजली मंत्री ने लाईनमेन को आखिरी चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं होनी चाहिए अन्यथा निलंबित कर दिया जाएगा। गांव पेटवाड़ की ग्राम पंचायत ने गांव थुराना में स्थापित चार मेगावाट के बिजली घर की क्षमता को बढ़ाये जाने की मांग रखी। इस पर ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस पावर हाउस की क्षमता को बढ़ाकर साढ़े बारह मेगावाट किया जाए।

ऊर्जा मंत्री ने पंचायत में रखी एक-एक समस्या को गंभीरता से सुना और बिजली उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का समाधान त्वरित आधार पर करवाया जाएगा।

## नूंह में हुई हिंसा के बारे में पुलिस कार्यवाही कर रही है : विज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने नूह में हुई हिंसा के बारे में आज कहा कि पुलिस कार्यवाही कर रही है और अब तक 104 एफआईआर दर्ज की गई है और 216 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार, इस मामले में 80 लोगों को एहतियातन हिरासत में लिया गया है।

## पलवल में दंगे पर एक और एफआईआर दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
**हरियाणा** के नूंह में हिंसा के बाद पलवल में हुए दंगों के संबंध में शहर थाना पुलिस ने बीती रात एक और एफआईआर दर्ज की है। इसमें उपद्रवियों ने मस्जिद में पत्थर बाजी कर तोड़फोड़ करने व बाहर खड़ी स्कूटी में आग लगा दी। अन्य गाडियों में भी तोड़फोड़ करने का आरोप है। शहर थाना पुलिस ने इमाम की शिकायत पर अज्ञात 30-35 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार, हमीदिया अस्पताल के निकट स्थित जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शेर मोहम्मद ने दी शिकायत में कहा है कि वह मस्जिद का इमाम होने के साथ-साथ मदरसा भी चलाता है।



डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

# जलभराव वाले क्षेत्रों में किया जा रहा बेहतर कार्यः डा. बनवारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान राज्य के विभिन्न शहरों में 71 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर चालू कर दिए गए है। इसके अलावा 4 शहरों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का कार्य जारी है। इन पर लगभग 446.08 करोड़ रुपए की लागत आई है। सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री आज यहां जल भराव वाले क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने यमुनानगर, फतेहाबाद, अम्बाला, कैथल, हिसार सहित कई जिलों के



प्रतिनिधियों की समस्याएं सुनी और उनका जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जल भराव वाले क्षेत्रों में पानी निकासी एवं स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई अधिकारी इस मामले में लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जनस्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यमुनानगर के सढौरा, महेन्द्रगढ के नांगल चौधरी, फतेहाबाद के टोहाना और हिसार में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का कार्य प्रगति पर हैं। इन चार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण पर 36.97 करोड़ रुपए की लागत आएगी और इन्हें जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में 486.05 करोड़ रुपए की लागत से 75 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर नागरिकों को सिंचाई के अलावा बिजली संयत्रों, उद्योगों आदि विभिन्न क्षेत्रों शोधित जल उपलब्ध करवाया जाएगा। जनस्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य भर में शोधित किए गए पानी का दोबारा से उपयोग करने के लिए बेहतर नीति क्रियान्वित की जा रही है। इसके लिए प्रथम चरण में 500 करोड़ रुपए की कार्य योजना तैयार की गई है।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच




आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

# कविता जैन ने किया कलश यात्रा का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन ने आनन्द कॉलोनी गली नंबर 2 से प्रारंभ हुई कलश यात्रा का शुभारंभ करते हुए इस पुण्य आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने स्वयं भी कलश यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ कमाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति को मजबूती प्रदान करते हैं।

कलश यात्रा का आयोजन आनन्द कॉलोनी गली नंबर 2 से यशस्वी वेलनेस, ओल्ड डीसी रोड़ तक किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि ऐसे शुभ अवसरों पर कलश यात्रा पारंपरिक रूप में आयोजित की जाती है, जिसके दर्शन मात्र से पुण्य मिलता है। कलश यात्रा में शामिल होना सौभाग्य की बात है।

परम पूज्य राजीव शास्त्री जी महाराज द्वारा की जाने वाली भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा का अयोजन। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से प्राणियों का कल्याण संभव है। हर किसी को कथा का श्रवण पर पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ करना चाहिए। कथा में मानव जीवन के लिए शुभ संदेश हैं। मानवीय जीवन को दिशा मिलती है। मनुष्य की तमाम समस्याओं का समाधान मिलता है।

पूर्व मंत्री कविता जैन ने आम जनमानस को प्रोत्साहित किया कि वे कलश यात्रा व श्रीमद् भागवत कथा सरीखे कार्यक्रमों में बढ़-चढकर हिस्सा लें। साथ ही नई पीढ़ी को भी प्रतिभागी बनायें, ताकि वे अपनी संस्कृति से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा से क्षेत्र में सुख-समृद्धि होगी। लोगों का जीवन सरल होगा और संपन्नता में वृद्धि होगी। इस मौके पर आयोजकों ने पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ सुनील वर्मा, डॉ राजबीर सिंह, बाबा कृष्ण नाथ,जोगेंद्र राजवीर डॉ रतन सिंह, यश वर्मा, सुनील, सतबीर गौतम, नरेंद्र दहिया, लाल सिंह, सतपाल, रामकुमार, सुरेंद्र गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

**संस्कृति**

**साथ ही नई पीढ़ी को भी प्रतिभागी बनायें, ताकि वे अपनी संस्कृति से परिचित हो सकें: कविता जैन**

# 8 तक निर्णय नहीं हुआ तो फिर से लगाएंगे रेहड़ी-फड़ियां: ललाना



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के बस स्टैण्ड के नजदीक भी रेहडी-फड़िया लगाने को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे जजपा के प्रदेश प्रवक्ता विवेक ललाना व रहेडी-फड़ी वालों ने प्रशासन के खिलाफ जम कर नारेबाजी की।

गौरतलब है कि विवेक चौधरी ने ऐलान किया था कि फिर से रेहड़ी लगाई जाएंगे जिसके बाद एसपी जशनदीप सिंह रंधावा के आदेशों पर उन्होंने रेहड़ी लगाना स्थगित कर दिया। उन्होंने कहा कि हम सकारात्मक सोच के लोग है तथा सकारात्मक फैसले का इंतजार कर रहे है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के कमीश्नर 8 तक छुट्टी पर है। 8 को जब वह आएंगे तो इनकी बात करवाकर समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। मीडिया से बात करते हुए विवेक चौधरी ने बताया कि 8 तारीख का समय प्रशासन के द्वारा दिया गया है। अगर तब कुछ नहीं होता तो उसके बाद हम खुद अपनी रेडिया लगा देंगे। इस दौरान उन्होंने विधायक पर भी जमकर तंज कसा। विवेक ललाना ने कहा कि सांसद कार्तिक शर्मा, दुष्यंत चौटाला व अन्य नेताओं के संदेश आए कि वह मामला सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं।

**नारेबाजी**

**प्रदर्शन कर रहे जजपा के प्रदेश प्रवक्ता विवेक ललाना व रहेडी-फड़ी वालों ने प्रशासन के खिलाफ जम कर नारेबाजी की**

इसी दौरान विवेक ललाना ने पुलिस अधिकारियों को अवतग करवाया कि बस स्टैंड के सामने जो दुकानों स्थित है उन्होनें नें भी अपनी दुकानों के आगे शेड डाल रखे है। इसके अलावा दुकानदारों ने अपनी दुकानों के रास्ते में जो एंगल लगाकर सजावट कि हुई है। उसके कारण लोगो को आने जाने में परेशानी होती है। इतना ही नहीं लोगो को अपने वाहन भी सड़क पर खड़े करने पड़ते है। जिस कारण आस पास जाम की स्थिति पैदा होती है।

इसी के चलते विवेक ललाना के कहने पर पुलिस अधिकारियों ने सजावटी गेट को वहां से हटवाया और दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपनी दुकानों से आगे अवैध अतिक्रमण न करें अन्यथा जिन दुकानदारों ने अवैध अतिक्रमण किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई कि जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### पौधों के बिना जीवन की कल्पना करना असंभव: बलजीत जास्ट



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** "स्वच्छ हरित पंचायत अभियान" के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर में पौधारोपण किया गया ।इस अवसर पर ग्राम सरपंच मोहन लाल व अन्य पंच गण, एस एम सी प्रधान एवं सदस्य तथा स्कूल के स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधे हमारे जीवन के महत्वपूर्ण अंग है ,जिस प्रकार एक स्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ शरीर की आवश्यकता होती है वैसे ही इस विश्व को स्वस्थ रखने के लिए पौधों की सख्त आवश्यकता है। पौधों से हमें वह प्राणदायक संजीवनी प्राप्त होती है जिसके बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते ।उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई की सभी विद्यार्थी एक एक पौधा अवश्य लगाएंगे और 4 साल तक उस पौधे की देखभाल करेंगे। जिससे वार्षिक परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकन में उनके अंक लगाए जा सकेंगे ।इसके अतिरिक्त विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें "नारा लेखन "व "चित्रकला प्रतियोगिता" प्रमुख रही। सभी विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### गौ रक्षकों ने जख्मी गौ माता के टूटे हुए सिंग पर की मरहम पट्टी



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** आज के परिप्रेक्ष्य में देखें तो सभी लोग इतने व्यस्त हैं कि उनके पास किसी के लिए कोई समय नहीं लेकिन समाज में कुछ ऐसे भी नवयुवक हैं जिनका जीवन का लक्ष्य मात्र एक ही है कि दूसरों के लिए जीना ही हमारी जिंदगी का मकसद है। ऐसे परहित जीवन जीने वाले युवक सदैव भलाई के कार्य में लगे रहते गत दिवस रात को कल्याण नगर कि नंबर 1 गली में देखने को मिला कि कुछ नवयुवक एक गाय को पकड़ने के लिए दौड़ रहे हैं और वह गौ माता डर के मारे गली में दौड़ लगा रहे हैं लेकिन नव युवकों ने भरसक प्रयास करके उस जख्मी गौ माता को आखिर पकड़ ही लिया और रस्सों से बांध दिया। देखते ही देखते उन युवकों ने उस जख्मी गौ माता के टूटे हुए सिंग के ऊपर मदहमपट्टी की जबकि घायल एवं डरे हुए पशु को हाथ लगाना खतरे से खाली नहीं होता लेकिन बहादुर गो रक्षकों ने निडर होकर जख्मी गौ माता को मरहम पट्टी की।

गौ माता की मरहम पट्टी के वक्त वहां पर उपस्थित सूर्य प्रताप मलिक ने कहा कि गौ माता के प्रति गौ रक्षकों की श्रद्धा और सेवा वास्तव में अति सराहनीय है। इस अवसर पर अंकुर सैनी, विशाल ,शैलेंद्र शैली, गोगी , हर्ष राणा, बलराम राणा, सुरेंद्र, हिमांशु , विशाल रजत गुर्जर , राहुल गुर्जर, सुमित चौधरी, मोहित जांगड़ा भजनलाल सुमेर मेहरा, ललित संधू ,अनूप संधू इत्यादि गौ रक्षक उपस्थित थे।

# मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों से चर्चा की



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन के दृष्टिगत मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त डा. शालीन ने अपने कार्यालय में पंचायती राज विभाग के अधिकारियों व नेहरू युवा कार्यक्रम अधिकारी तथा अन्य के साथ बैठक लेते हुए कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर चर्चा की और इसके दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपरांत समापन अवसर के दृष्टिगत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं इस कार्य के दृष्टिगत गांवों में कार्यक्रम आयोजित करें और इससे पहले ग्राम सभाएं कर इस कार्यक्रम की रूपरेखा बारे भी जानकारी दें। जिला परिषद के सीईओ महावीर प्रसाद ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के दृष्टिगत 9 अगस्त से 11 अगस्त तक जिले के सभी गांवों में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

इन कार्यक्रमों में गांवों में शिला पट्टिकाएं भी लगाई जाएंगी, जिसमें वीर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों व अन्य का उल्लेख होगा। इन कार्यक्रमों में पंचप्राण प्रतिज्ञा के तहत शपथ भी दिलवाई जायेगी।

वसुधा वंदन के तहत अमृत सरोवर के नजदीक पौधारोपण किया जायेगा।

# सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं : मलौर




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसबीर मलौर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के पक्ष में फैसला सुनाने का स्वागत किया व कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं । मलौर ने भाजपा की बदले की राजनीति की कड़े शब्दों में आलोचना की । आज पूरे देश में राहुल गांधी के पक्ष में फैसला आने से पूरे देश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। भाजपा सरकार सत्य को दबाना चाहती है । राहुल गांधी जी जन जन की आवाज बन चुके हैं व उन्हे षड्यंत्र के तहत फंसाया गया था।

**खुशी**

**आज पूरे देश में राहुल गांधी के पक्ष में फैसला आने से पूरे देश के काग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है**

# नूंह के दंगा पीड़ितों की आर्थिक मदद करे हरियाणा सरकार: सीबी गोयल



**टीम एक्शन इंडिया/ पंचकूला/मैनपाल**
नूंह के दंगा पीड़ितों को हरियाणा सरकार जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान करे। यह कहना है अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय उपमहामंत्री सीबी गोयल का। उन्होंने मेवात के जिला नूंह में हुए उपद्रव में जान गवाने वाले लोगों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि जिला नूंह में उपद्रव के दौरान सैंकड़ों दुकानों में लूटपाट की गई। जिससे करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ और जान माल की हानि हुई। उन्होंने कहा कि इससे काफी लोगों के रोजगार उजड़ गए। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से अपील की कि जल्द से जल्द जिला नूंह के दंगा पीड़ितों को कारोबार शुरू करने के लिए आर्थिक मदद दी जाए।

इसके साथ ही सीबी गोयल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा सहायता देने की घोषणा का स्वागत भी किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की योजनाओं के अनुसार दंगा पीड़ितों की 25 लाख रुपये तक की मदद की जाए। सीबी गोयल ने कहा कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन हरियाणा में हुए धार्मिक दंगों की भत्सर्ना करता है। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकार पर पूरा भरोसा है उनको विश्वास है कि जल्द से जल्द हालात ठीक करवाने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इस मौके पर उनके साथ अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पंचकूला जिला के अध्यक्ष विजय अग्रवाल और मीडिया प्रमुख सत्यनारायण गुप्ता के साथ जिला पंचकूला के महामंत्री नितिन अग्रवाल मौजूद रहे।

# वेलफेयर सोसाइटी हरियाणा रोडवेज की त्रैमासिक बैठक संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** वेलफेयर सोसायटी हरियाणा रोडवेज रिटायर्ड परसनल, अम्बाला शहर की त्रै-मासिक बैठक प्रधान गुरचरण सिंह गुजराल की अध्यक्षता में अम्बाला शहर स्थित बस स्टैण्ड पर सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने बताया कि आगामी मीटिंग दीवाली पर अक्तूबर मास में होनी तय की गई है। जिन कर्मचारियों आयु 70 वर्ष हो गई है उनको शॉल व जन्मदिन पर पैन गिफ्ट किए जाएंगे। आज की इस मीटिंग में वजिन्द्र सिंह ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा अम्बाला गत दिनों आई बाढ़ में जहां पर कोई नहीं पहुंच सका वहां दूध, पानी और खाने पीने का सामान इत्यादि बांटे गए।

# 'पर्यावरण की स्वच्छता हेतु पौधारोपण अतिआवश्यक'



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक )** आज स्वच्छ हरित पंचायत अभियान के तहत राजकीय उच्च विधालय कैंथला खुर्द में जोरदार पौधारोपण अभियान चलाया गया जिसमें अध्यापकों और छात्रों के सहयोग से छायादार व ओषधीय पौधे लगाए गए तथा विधालय में ग्राम सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने विधालय परिसर में पौधारोपण उपरांत छात्रों व स्टाफ सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की स्वच्छता हेतु पौधारोपण अति आवश्यक है ।बरसात का मौसम पौधारोपण के लिए बहुत लाभदायक होता है इसलिए बरसात के मौसम लगे पौधे जल्दी पनप कर वातावरण को हराभरा बना देते हैं ।उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सभी बरसात के मौसम में व अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएँ तथा वातावरण को खुशहाल तथा हराभरा बनाने में अपना अहम योगदान दें । एन आर आई मेहर सिंह सैनी ने जोर देकर कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से बचने के लिए भी पौधारोपण जरूरी है।

उन्होने कहा कि हर साल लाखों पौधे लगाए जाते हैं पर सही तरीके से उनकी देखभाल नही होती इसलिए वह मर जाते हैं ।सभी अध्यापकों व छात्रों ने संकल्प लिया वह अपने जन्मदिन दिवस पर विधालय परिसर में एक पौधा लगाकर अपना जन्मदिन मनाया करेंगे और उस पौधे की तब तक पूरी देखभाल किया करेंगे जब तक वह स्वयं जमीन से खुराक पानी न लेने लग जाए ।

मुख्याध्यापक राजकुमार ने कहा कि पौधे मनुष्य से लेते कम हैं देते ज्यादा हैं । पौधे पत्थर खाकर भी हमें फल,छाया ,लकडी , औषधि तथा विनम्रता का संस्कार देते हैं ।इस अवसर पर सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी एन आर आई मेहर सिंह सैनी ,हरनेक सिंह पंच , बलबीर सिंह पंच, कुलदीप सिंह , गुरपाल सिंह फौजी, बलजीत सिंह ,पूर्ण सिंह, राजकुमार मुख्याध्यापक ,विजय कुमार, शीतल सिंह एवं विद्यालय स्टाफ सदस्यों व छात्रों ने पौधारोपण में बढ़-चढ़कर के भाग लिया।

# बलविंदर सांगवान ने स्कूल में वाटर कूलर का किया दान



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कोशिश कर हल निकलेगा आज नहीं तो कल निकलेगा इसी प्रेरणा स्त्रोत वाक्य को साक्षी मानकर गांव ठोल के सरपंच प्रतिनिधि बलविंदर सिंह सांगवान ने एक बहुत अच्छी पहल की है। बलविंदर सिंह ने अपने निजी कोष से विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को पहचान पत्र वितरित किए और अत्याधिक गर्मी को देखते हुए उन्होंने बच्चों के ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए विद्यालय को एक वाटर कूलर भी दान स्वरूप भेंट किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा आर्य ने समस्त स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर पंचायत सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत किया और उन का दिल से धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर मैडम आर्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वह दिन रात मन लगाकर अपनी पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। विद्यालय में सभी लड़कियों के लिए आज बालिका मंच का भी आयोजन किया गया जिसमें रोल मॉडल के रूप में ठोल की सरपंच श्रीमती रूमा देवी भी उपस्थित रही। सरपंच मैडम ने सभी लड़कियों को अपनी आत्मरक्षा करने के लिए सक्षम बनने का प्रण दिलवाया।इसी कड़ी में गांव से पंच सदस्य अवतार सिंह ने विद्यालय को 1500 लीटर की सिंटेक्स कंपनी की पानी की टंकी भी दान की और समाजसेवी अमरदीप सांगवान पुत्र बलजीत सांगवान द्वारा विद्यालय के लिए 20 पंखों के दान की घोषणा की गई।इस अवसर पर एसएमसी प्रधान गुरदीप सिंह , अन्य सदस्य , बंसीलाल, श्याम लाल , सुरेंद्र कुमार ,राम कुमार ,इकबाल सिंह, शास्त्री देवी दयाल ,गुरविंदर ,रितु ,ज्योति ,इंदु ,नवनीत,अमिता, प्रवीण ,रजनी, सरोज, रमेश ,जयपाल, उषा, आदि मौजूद रहे।

**मदद**

**समाजसेवी ने अपने निजी कोष से विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को पहचान पत्र वितरित किए**

# हड़ताल के एक महीना पूरा होने पर क्लर्कों ने मनाया काला दिवस

## वेतन बढोत्तरी की मांग को लेकर पिछले 31 दिनों से हड़ताल पर बैठे क्लर्कों ने अपनी हड़ताल जारी रखी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
वेतन बढोत्तरी की मांग को लेकर पिछले 31 दिनों से हड़ताल पर बैठे क्लर्कों ने अपनी हड़ताल जारी रखी। क्लर्कों ने काले कपड़े पहनकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वेतन बढोत्तरी की मांग की और काला दिवस मनाया। कर्लक विशाल पोटलिया (70532-77684) बताया कि वह पिछले एक महीने से वेतन बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं जिसमें उनके साथ जिले के सभी विभागों के कलेरिकल स्टाफ शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं करती तब तक वे अपनी हड़ताल जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि अब तक सरकार के साथ उनकी कई बैठकें हो चुकी हैं लेकिन सभी की सभी बे नतीजा निकली। इसी के चलते हुए अपनी हड़ताल जारी रखे हुए हैं।

जिला प्रधान सुमित कुमार ने संबोधन में बताया कि सन 1957 में लिपिक का वेतनमान 60-175 होता था उस समय एमपीएचडब्ल्यू व जेबीटी का वेतनमान 60-120 होता था जूनियर इंजीनियर को 60-170 व डिप्टी रेंजर का 60-175 वेतनमान निर्धारित था। चौथे वेतन आयोग में बाकी पद जैसे एमपीएचडब्ल्यू जेबीटी जूनियर इंजीनियर डिप्टी रेंजर जो लिपिक के समक्ष थे उन सभी का वेतनमान कार्य समीक्षा के आधार पर बढ़ा दिया गया लेकिन लिपिक की कार्य समीक्षा नहीं की गई जिसके चलते उनका वेतनमान बाकी पदों की तुलना में नहीं बढ़ा। सातवें वेतन आयोग में जहां इन सभी पदों का वेतनमान 35400 हो गया और लिपिक वर्ग कार्य समीक्षा न होने के कारण 19900 में पिछड़ गया। अब लिपिक वर्ग अपने कार्य की समीक्षा व योग्यता के आधार पर अपना वेतनमान 35400 चाहता है जोकि जायज है। हड़ताल के कारण लोगो के काम नहीं हो पा रहे है। जिसके कारण लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# नरेला जोन कार्यालय में उपायुक्त ने सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** नगर निगम नरेला जोन उपायुक्त बीर सिंह यादव ने नरेला जोन कार्यालय में मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान नरेला थाना प्रभारी राजेश भी मौजूद रहे।





बाहरी दिल्ली के नरेला में दिल्ली नगर निगम नरेला जोन उपायुक्त बीर सिंह यादव ने मेन बाजार नरेला की समस्याओं के समाधान हेतु मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ जोन कार्यालय में एक बैठक का आयोजन कर समस्याओं को सुना और उनका जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के महासचिव मनोज बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मेन बाजार झंडा चौक से अतिक्रमण को हटवाने, नरेला के वाई पॉइंट से लेकर रामदेव चौक तक जाम मुक्त करवाने के साथ ही इस सड़क पर रेहडी-पटरी वालों का अतिक्रमण हटवाने, आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलवाने जैसी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिनका जल्द ही निस्तारण करने का आश्वासन उपायुक्त ने दिया।

बैठक में नरेला थाना प्रभारी राजेश कुमार मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के प्रधान श्रीभगवान, महासचिव मनोज बंसल, कोषाध्यक्ष अनिल वर्मा, संरक्षक श्रीनिवास वर्मा, सह कोषाध्यक्ष परवीन वर्मा, हरीश खन्ना, अमित बंसल, मनोज सिंघल, सनी भारद्वाज, सुनील सिंघल मौजूद रहे।

# जहांगीरपुरीः आजादपुर वार्ड की पार्षद सुमन शर्मा ने किया पौधारोपण







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी** स्थित ए ब्लॉक के पार्क में आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा ने पौधारोपण किया। इस मौके पर निगम पार्षद सुमन शर्मा ने बताया कि आज जहांगीरपुरी के ए-ब्लॉक के 100 नंबर वाली गली के पार्क में केसर बिटिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण व भंडारे के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हालांकि बिटिया अब हमारे बीच नहीं है, फिर भी हमारे गुजराती समाज के प्यार और स्नेह ने हम सबके बीच उसको ज़िंदा रखा है। सुरेश भाई का प्यार और विश्वास ने एक मिसाल कायम की है। इस मौके पर पार्षद ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने पार्षद के समक्ष कई मांगे और समस्याएं भी रखी, जिसे पार्षद सुमन शर्मा ने ध्यान से सुना और कहा कि आपकी समस्याओं का उचित समाधान किया जायेगा। पार्षद ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। जिससे हमारे आस-पास का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।



विरेन्द्र गोयल को जिला केशवपुरम भाजपा का अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए भाजपा नेता सुभाष झा।

# आजादपुर एमसीडी कॉलोनी में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आजादपुर स्थित एमसीडी कॉलोनी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आजादपुर कॉलोनी रेजिडेन्टस वेलफेयर एसोसिएशन ने किया। इस शिविर में आये हुए मरीजों की डाक्टरों ने जांच की और उचित सलाह भी दी। इस अवसर पर अतिथि के रूप में ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया मौजूद रहे। इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कहा कि सभी को इस प्रकार के शिविर अधिक से अधिक लगाने चाहिए, ऐसे शिविरों से लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं घर के समीप ही मिल जाती है। इस मौके पर आजादपुर कॉलोनी रेजिडेन्टस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार, मुख्य संरक्षक अशोक पार्चा, कार्यकारिणी अध्यक्ष मोहन कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष मुख्तयार सिंह, उपाध्यक्ष राम गोपाल, मनोज कुमार महासचिव, कानूनी सलाहकार मुकेश शर्मा, संजीव माथुर मुख्य सलाहकार, संगठन सचिव दीपक झिंगालिया, नरेश कीर प्रचार मंत्री, दीपक बग्गा अनिल ढिलोर मौजूद रहे।

# दयानंद वत्स ने किशोर कुमार की 94वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव दयानंद वत्स ने संघ के मुख्यालय बरवाला में हिंदी फिल्मों के हरफनमौला पार्श्व गायक स्वर्गीय किशोर कुमार की 94वीं जयंती पर उन्हें उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में श्री वत्स ने कहा कि किशोर कुमार बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी प्रतिभावान अभिनेता, निमार्ता, निर्देशक, गायक, संगीतकार, गीतकार, कम्पोजर थे। उन्होंने आजीवन अपनी शर्तों पर काम किया और कभी भी किसी के



दबाव में नहीं आए। राजेश खन्ना के लिए लिए किशोर दा ने सबसे ज्यादा गीत गाए थे। फिर देव आनंद, अमिताभ बच्चन के लिए ढेरों गीत गाए। उनके सभी गीत उनके मूड से प्रेरित थे। इमरजेंसी में उनके गानों को आकाशवाणी और दूरदर्शन पर बैन कर दिया था। चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना, कभी अलविदा ना कहना, घुंघरू की तरह बजता ही रहा हूं मैं, अमानुष बना के छोड़ा, मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू सहित किशोर दा ने हर मूड के गीत गाए। किशोर दा को सर्वाधिक आठ फिल्म फेयर अवार्ड मिले। शक्ति सामंत की फिल्म आराधना के बाद जहां राजेश खन्ना सुपर स्टार बन गये थे।

वहीं किशोर कुमार का जादू भी लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था। मशहूर फिल्म अभिनेता दादा मुनि अशोक कुमार और अनूपकुमार उनके सगे भाई थे।

# आजादपुर वार्डः बच्चों की तरह करें पेड़-पौधों की रक्षाः इन्द्रजीत मुखी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** मंडल भाजपा के महामंत्री इन्द्रजीत मुखी ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पेड़-पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। साथ ही मैं यह भी सभी से कहना चाहता हूं कि सभी अपने जन्मदिन, सालगिरह व अन्य उत्सवों पर पौधारोपण अवश्य ही करें। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है। यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधारोपण करें और



दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे से जहां एक और हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं दूसरी ओर हमें पेड़-पौधों से फल, फूल और कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधे अवश्य ही लगाये। उन्होंने आगे बताया कि लोग इमारत व बड़ी-बड़ी बिल्डिंगें बनाने के चक्कर में पेड़ काट देते है, जो गलत है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। क्योंकि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी पौधारोपण अवश्य ही करें।



नरेला के झंडा चौक पर बारिश के चलते जलभराव को रोकने के लिए सीवर, नालियों की सफाई करते दिल्ली नगर निगम कर्मचारी।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया देश में विकासः जितेन्द्र ढीका

# आम आदमी पार्टी के राज में परेशान हो रहे लोगः जितेन्द्र ढीका



### भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका ने कहा...

● आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसकी वजह से दिल्ली की आम जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है: जितेन्द्र ढीका



**जिन्दगी कांटो का सफर है,**
**हौसला इसकी पहचान है,**
**रास्ते पर तो सभी चलते है,**
**जो रास्ते बनाये, वही,**
**तो इंसान है।**

**जी** हां आज हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत बादली विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जी हां हम बात कर रहे है। जहांगीरपुरी वार्ड के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका की।

आपको बतादें कि जितेन्द्र ढीका क्षेत्र की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए है।

भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। पीएम मोदी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है।

एक अन्य सवाल के जवाब में जितेन्द्र ढीका ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसकी वजह से दिल्ली की जनता अपने आप को ठगा हुआ सा महसूस कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की कई कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मूलभुत सुविधाएं भी नहीं मिल रही है, जिसकी वजह से लोग काफी परेशान है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है। जिस कारण से मजबूर होकर वहां की जनता को जार का पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ़्त पानी दे रहे है। उन्होंने आगे कहा कि मेरी दिल्ली के सीएम व जल बोर्ड के अधिकारियों से अपील है कि पानी की गुणवता में सुधार करवाये ताकि जनता को शुद्ध पानी मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि आज जहांगीरपुरी में सीवर ओवर-फ्लो हो रहे है, लेकिन न तो संबंधित विभाग ही ध्यान दे रहा है और न ही जनप्रतिनिधि ही इस ओर ध्यान दे रहे है, जिस कारण से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।



भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका ने कहा कि जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इसलिए हमेशा ही सत्य का साथ दे और दूसरो को भी सत्य के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करे। श्री ढीका ने कहा कि सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब, निर्धन और जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए। जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके।



उन्होंने आगे बताया कि सेवा के अन्दर स्वार्थ की भावना बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए। सेवा हमेशा ही निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए।

-प्रस्तुतिः एक्शन इंडिया

## भारत की Martina Devi ने महिलाओं की 81 किलोग्राम से अधिक युवा वर्ग में रजत पदक जीता



**ग्रेटर नोएडा :** भारत की मार्टिना देवी ने एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में प्रतियोगिता के अंतिम दिन से पहले महिलाओं की 81 किग्रा से अधिक युवा वर्ग में रजत पदक जीता। मार्टिना ने कुल 218 किग्रा (95+123) वजन उठाकर युवा वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। वियतनाम की थी हिएन ट्रन ने कुल 224 किग्रा (100+124) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि उज्बेकिस्तान की लोलाखोना अब्दुरशीदोवा ने 193 किग्रा (83+110) के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। चैंपियनशिप में केवल दो स्पर्धाएं पुरुषों की 109 किग्रा और 109 किग्रा से अधिक वर्ग बची हैं। इन दोनों स्पर्धाओं का आयोजन शनिवार को होगा।

## इंडोनेशिया ओपन गोल्फ : भारत के 5 खिलाड़ियों ने कट हासिल किया

**नई दिल्ली :** वियाज मदप्पा, एस चिक्करंगप्पा और कार्तिक शर्मा की अगुवाई में पांच भारतीय खिलाड़ी 5 लाख डॉलर (लगभग 4.1 करोड़ रुपए) इनामी इंडोनेशिया ओपन गोल्फ में दूसरे दौर के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। मदप्पा और चिक्करंगप्पा ने दूसरे दौर में एक समान 68 का स्कोर बनाया। उन्होंने पहले दौर में 71 का कार्ड खेला था। कार्तिक ने पहले दौर में 68 के बाद दूसरे दौर में 71 का स्कोर किया। ये तीनों खिलाड़ी 5 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 25 वें स्थान पर हैं। कट हासिल करने वाले अन्य भारतीयों में वीर अहलावत (72-68) संयुक्त 37वें और राशिद खान (68-73) संयुक्त 46वें स्थान पर हैं। इस टूर्नामेंट का कट दो अंडर का रहा। राहिल गंगजी (74-69), एसएसपी चौरसिया (72-73), खलिन जोशी (73-72), तीन बार के विजेता गगनजीत भुल्लर (74-72), अक्षय शर्मा (73-73), अमन राज (74-72), अजितेश संधू (75-72), करणदीप कोचर (75-75) और हनी बैसोया (76-75) कट में जगह बनाने से चूक गए।




## विश्व नंबर-4 भारत को जापान ने बराबरी पर रोका, पाकिस्तान को नहीं मिली पहली जीत

**नई दिल्ली :** विश्व नंबर चार भारतीय टीम को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में जापान ने बराबरी पर रोक दिया। मध्यांतर पर 0-1 से पिछड़ी भारतीय टीम तीसरे क्वार्टर में बराबरी हासिल कर पाई, लेकिन उसे विजयी गोल नसीब नहीं हुआ। यह जापान के गोलकीपर योशीकावा रहे जिन्हें न तो भारतीय ड्रैग फ्लिकर और अग्रिम पंक्ति भेद पाई। भारत को पूरे मैच में 14 पेनाल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन सिर्फ एक को गोल में बदला जा सका।



भारतीय टीम मैदानी गोल करने में भी विफल रही। इससे पहले पाकिस्तान को गत विजेता कोरिया ने 1-1 से बराबरी रोका, जबकि मलयेशिया ने चीन पर 5-1 से बड़ी जीत हासिल की। चीन के खिलाफ मिली 7-2 की जीत में भी भारत के छह गोल पेनाल्टी कॉर्नर पर आए थे। यहां भी मैदानी गोल करने में भारतीय टीम जूझती दिखी। यहां खामी गत उपविजेता जापान के खिलाफ भी सामने आई, लेकिन भारतीय टीम का सबसे मजबूत पक्ष पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलना रहा है। चीन के खिलाफ उसे नौ पेनाल्टी कॉर्नर मिले थे, जिसमें उसने छह को गोल में बदला, लेकिन 14 पेनाल्टी कॉर्नर में से 42वें मिनट में सिर्फ एक को हरमनप्रीत ने गोल में बदला। भारत ने पेनाल्टी कॉर्नर के लिए हरमनप्रीत, वरुण कुमार, जुगराज सिंह को आजमाया, लेकिन ये तीनों ही प्रभाव नहीं छोड़ सके।

# वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स: ज्योति याराजी ने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता कांस्य

**चेंगदू।** भारत की ज्योति याराजी ने यहां एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 12.78 सेकेंड का समय लेकर एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता।

आठ महिला खिलाड़ियों के फाइनल में, ज्योति ने 2022 नेशनल ओपन चैंपियनशिप में बनाए गए 12.82 सेकेंड के अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को 0.04 सेकेंड से बेहतर कर लिया। मौजूदा एशियाई चैंपियन ने इससे पहले हीट और सेमीफाइनल में क्रमशः 13.12 और 13.05 सेकेंड का समय लिया था।

स्लोवाकिया के विक्टोरिया फोर्स्टर ने 12.72 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन के वू यान्नी ने 12.76 सेकेंड के साथ रजत पदक जीता।

23 वर्षीय ज्योति इस आयोजन के लिए निर्धारित पेरिस



2024 ओलंपिक क्वालीफाइंग मानक 12.77 सेकेंड से बराबरी करने से बस थोड़ी ही दूर थीं।

इस बीच, राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता तेजस्विन शंकर पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में पदक जीतने में असफल रहे।

दूसरी ओर, अमलान बोर्गोहेन ने पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारतीय धावक ने सीजन का सर्वश्रेष्ठ 20.55 का समय निकाला, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल 0.03 सेकंड कम था, वह दक्षिण अफ्रीका के इसाडोर त्सेबो मात्सोसो (20.36) और जापान के युदाई निशि (20.46) से पीछे रहे। इससे पहले दिन में, भारत की तमिलरासन सत्या 3.60 क्लीयरेंस के साथ महिला पोल वॉल्ट में सातवें स्थान पर रहीं।

महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में सुस्मिता तिग्गा 11:10.77 के समय के साथ 13वें स्थान पर रहीं, जबकि हमवतन भाग्यश्री नक्ले दौड़ पूरी नहीं कर पाईं। एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 में भारत ने अब तक 25 पदक जीते हैं, जिनमें 11 स्वर्ण, पांच रजत और नौ कांस्य शामिल है।

## मुंबई लियोन आर्मी ने सोनू सूद को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई :** टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) की मुंबई लियोन आर्मी फ्रेंचाइजी ने सीजन पांच से पहले बालीवुड अभिनेता सोनू सूद (स्ग्ठ्ठ स्पमस्त्र) को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। पिछले सीज़न के फाइनलिस्ट मुंबई लियोन आर्मी प्रशंसकों से लीग और टीम में अधिक रुचि पैदा करने के लिए बॉलीवुड स्टार की लोकप्रियता का इस्तेमाल करेगी। मुंबई फेंचाइजी के मालिक, स्थापित डायमंड उद्यमी, श्याम पटेल ने टीपीएल के सीजन पांच से पहले सोनू सूद के बोर्ड में आने पर खुशी



का इजहार करते हुए कहा कि सोनू जीवन को बदलने के लिए खेल की शक्ति में विश्वास करते हैं और एक फेंचाइजी के रूप में हमें गर्व और खुशी है कि वह इसका हिस्सा बनेंगे।

वहीं, अभिनेता ने कहा कि टेनिस प्रीमियर लीग एक अभूतपूर्व टूर्नामेंट है जिसमें तेज गति वाले मैच शामिल हैं जो दर्शकों को लीग देखने के लिए लुभाने के लिए तैयार किए गए हैं। लीग पिछले चार सीज़न में भारत में टेनिस समुदाय को तेजी से बढ़ने की अनुमति दी है, और मुझे मुंबई लियोन आर्मी और पूरी लीग का हिस्सा बनकर खुशी है।

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी: भारत ने अपने दूसरे मैच में जापान के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला

**चेन्नई।** भारत ने यहां के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खेले जा रहे एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के अपने दूसरे मैच में जापान के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला। इस मैच में भारत की तरफ से कप्तान हरमनप्रीत और जापान की तरफ से केन नागायोशी ने गोल किया। इससे पहले भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में चीन के खिलाफ 7-2 से जीत दर्ज की थी। भारत के पास आज तालिका में शीर्ष पर जाने का मौका था लेकिन इस ड्रा के बाद मलेशिया शीर्ष पर बना रहेगा। पहला क्वार्टर गोल रहित समाप्त हुआ, विवेक को मिला ग्रीन कार्ड मैच में भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत की और पहले पांच मिनट में ही तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, हालांकि जापानी डिफेंस ने भारत के तीनों ही पेनल्टी कॉर्नर को असफल कर दिया। इसके बाद विवेक को ग्रीन कार्ड मिला और उन्हें 2 मिनट के निलंबन का सामना करना पड़ा। इस बीच, जापान को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे इसे गोल में नहीं बदल पाए। पहला क्वार्टर गोल रहित समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर में जापान को मिली बढ़त दूसरे क्वार्टर में जापान ने तेज आक्रमण किया, जिसका उसे



28वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर के रूप में फायदा भी मिला, जिसे केन नागायोशी ने गोल में बदलकर जापान को पहली सफलता दिलाई। मध्यांतर तक जापानी टीम 1-0 से आगे रही।

कप्तान हरमनप्रीत ने दिलाई भारत को बराबरी तीसरे क्वार्टर में भारत ने लगातार आक्रमण कर बराबरी का प्रयास जारी रखा। मैच के 43वें मिनट में भारत को एक और पेनाल्टी कॉर्नर मिला, जिसे कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदलकर भारत को 1-1 से बराबरी दिला दी।

भारत ने पहले मैच में चीन को 7-2 से हराया

भारत ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में हरमनप्रीत सिंह और वरुण कुमार के 2-2 गोलों की बदौलत 7-2 की जीत के साथ अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। इस बीच मनदीप सिंह, आकाशदीप सिंह और सुखजीत सिंह ने भी एक-एक गोल किया। दूसरी ओर, जापान टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार गया। पहले हाफ में उनके पास 1-0 की बढ़त थी, लेकिन दूसरे हाफ में कोरिया ने दो गोल की बढ़त बनाई और जीत हासिल की।

आज के मैच में खेलने वाली दोनों टीमें इस प्रकार हैं:-

भारत: पीआर श्रीजेश, वरुण कुमार, जरमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, गुरजंत सिंह, मनदीप सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, नीलकंठ शर्मा, आकाशदीप सिंह।

जापान: ताकाशी योशिकावा, शोता यामादा, सेरेन तनाका, केंटारो फुकुदा, ताकी ताकाडे, युमा नागाई, मनाबू यामाशिता, राक्की फुजीशिमा, रयोसी काटो, मसाकी ओहाशी, काझतो तनाका।

## एसीटी : भारतीय टीम ने गंवाए कई मौके, जापान ने ड्रॉ पर रोका

**चेन्नई :** पहले मैच में शानदार जीत के बाद लय को कायम नहीं रख सकी भारतीय टीम ने कई मौके गंवाए और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में जापान ने उसे 1.1 से ड्रॉ पर रोक दिया। जापान के लिए केन नागायोशी ने 28वें मिनट में गोल किया जबकि भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 43वें



मिनट में बराबरी का गोल दागा। भारत ने पहले मैच में बृहस्पतिवार को चीन को 7.2 से हराया था। पहले क्वार्टर में भारत ने काफी आक्रामक शुरूआत की। दोनों टीमों ने गोल करने के मौके बनाए लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। जापान के एक खिलाड़ी को चोट लगने के कारण विकल्प लेना पड़ा। भारत को इस क्वार्टर में सात पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन एक पर भी गोल नहीं हो सका। विवेक सागर प्रसाद को आठवें मिनट में ग्रीन कार्ड भी मिला। दूसरे क्वार्टर में भी मुकाबला बराबरी का था लेकिन 27वें मिनट में जुगराज सिंह को ग्रीन कार्ड दिखाया गया। अगले मिनट में जापान को मिले पेनल्टी कॉर्नर पर नागायोशी ने गोल किया।

दूसरे हाफ में भारत ने लगातार जवाबी हमले बोले लेकिन जापान का डिफेंस जबर्दस्त था। भारत को 43वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत ने बराबरी का गोल दागा। आखिरी क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। भारत को 55वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन जापान ने वीडियो रेफरल लिया और यह फैसला बदलना पड़ा। भारत को मैच में 14 पेनल्टी कॉर्नर मिले जबकि जापान को दो मिले जिनमें से एक पर गोल हुआ। भारत को अब रविवार को मलेशिया से खेलना है जबकि पाकिस्तान का सामना जापान से होगा।

## Tilak Verma के लंबे छक्के देख बोले डेवाल्ड ब्रेविस- आपने तो मेरे रोंगटे खड़े कर दिए

**नई दिल्ली :** डेवाल्ड ब्रेविस ने आईपीएल टीम के साथी तिलक वर्मा (Tilak Verma) के लिए विशेष संदेश साझा किया है। तिलक वर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20ई श्रृंखला के पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था।

उन्होंने करियर की



दूसरी ही गेंद पर शानदार छक्का जड़ा था। तिलक 39(22) रन बनाकर आऊट हो गए थे।

भारत ने यह मुकाबला चार रन से गंवा दिया था लेकिन तिलक अपनी पारी के कारण प्रशंसा बटोरने में सफल रहे।

# नेपाल के पूर्व कप्तान ज्ञानेंद्र मल्ला ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व कप्तान ज्ञानेंद्र मल्ला ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। 2014 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले मल्ला ने अपने नौ साल के करियर के दौरान 37 वनडे और 45 टी20 मैच खेले। 32 वर्षीय खिलाड़ी ने एकदिवसीय मैचों में सात अर्धशतकों के साथ 876 रन बनाए, जबकि टी20ई में उन्होंने 120.29 की स्ट्राइक रेट से एक शतक और दो अर्द्धशतकों के साथ 883 रन बनाए।



मल्ला ने ट्विटर पर एक बयान में कहा, भारी मन और दिल की गहराई से, मुझे लगता है कि अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से मेरी छुट्टी की घोषणा करने का सही समय है। यह पवित्र खेल, जो मेरे अस्तित्व का सार रहा है - स्थानीय स्तर पर खेलने से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर खेलने तक - ने मुझे जीवन, दृढ़ संकल्प और एकता की शक्ति के बारे में अमूल्य सबक सिखाया है। पिच पर हर कदम के साथ, मुझे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने और देश की आशाओं और सपनों के प्रतीक रंगों को पहनने पर गर्व महसूस हुआ। मल्ला ने आगे लिखा, मेरे साथियों को, सिर्फ सहकर्मियों से बढ़कर होने के लिए धन्यवाद; आप मेरा परिवार बन गए, और हमने मिलकर एक अटूट बंधन बनाया। मेरे कोचों और सहयोगी स्टाफ के लिए, आपका मार्गदर्शन और मुझ पर विश्वास मेरे करियर को आकार देने में सहायक रहा है। और मेरे समर्थकों के लिए, आपकी जय-जयकार मेरे दिल में गूंज उठी, जिससे मैदान पर मेरा उत्साह बढ़ा। उतार-चढ़ाव के दौरान, आपके अटूट समर्थन ने मुझे स्थिर रखा।

यह विदाई नहीं है; यह मेरी यात्रा का एक नया अध्याय है। एक यात्रा जहां मैं खेल का कट्टर समर्थक, इसके विकास का गवाह और उस देश का गौरवान्वित ध्वजवाहक बना रहूंगा जिसे मैं बहुत प्यार करता हूं।'

मल्ला ने दस एकदिवसीय मैचों में नेपाल का नेतृत्व किया, जिनमें से उन्होंने छह जीते। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में, टीम ने उनके नेतृत्व में 12 में से नौ मैच जीते। वह नेपाल के लिए वनडे अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी थे, उन्होंने 2018 में टीम के पहले 50 ओवर के मैच में नीदरलैंड के खिलाफ ऐसा किया था। इस बल्लेबाज ने 2006 और 2008 में दो अंडर-19 विश्व कप में भी नेपाल का प्रतिनिधित्व किया।

## मुंबई सिटी ने डूरंड कप 2023 के लिए की टीम की घोषणा

**मुंबई।** इस सप्ताह 2023-24 भारतीय फुटबॉल सीजन की शुरुआत के साथ, मुंबई सिटी एफसी ने 2023 डूरंड कप के लिए 29 सदस्यीय टीम की घोषणा की। ग्रेग स्टीवर्ट और लालियानज़ुआला छांगटे, जिन्होंने डूरंड कप के 2022 संस्करण में क्रमशः गोल्डन बॉल और गोल्डन



बूट जीता था, राहुल भेके, जॉर्ज पेरेरा डियाज, बिपिन सिंह जैसे खिलाड़ियों के साथ आइलैंडर्स टीम में शामिल होंगे।

नए हस्ताक्षरित आकाश मिश्रा, योएल वैन नीफ, तिरी और जयेश राणे आइलैंडर्स के साथ अपनी पहली चुनौती में भाग लेंगे। घरेलू प्रतिभाओं के बीच केवल 22.8 की औसत आयु और पूरी टीम में 24.9 की औसत आयु के साथ, डेस बकिंघम अनुभव के अच्छे संतुलन के साथ एक महत्वपूर्ण युवा कोर के साथ आइलैंडर्स इकाई को निर्देशित करेंगे।

मुंबई सिटी एफसी की टीम इस प्रकार है:

गोलकीपर: फुरबा लाचेनपा, मोहम्मद नवाज, भास्कर रॉय, अहान प्रकाश।

डिफेंडर: राहुल भेके, वालपुइया, तिरी, मेहताब सिंह, संजीव स्टालिन, रोस्टिन ग्रिफिथ्स, नाथन रोड्रिग्स, आकाश मिश्रा, हेलन नोंग्टडू।

मिडफील्डर: योएल वैन नीफ, अल्बर्टो नोगुएरा, विनीत राय, जयेश राणे, पीसी रोहलुपुइया, अपुइया राल्टे, फ्रैंकलिन नाज़रेथ।

फॉरवर्ड: विक्रम प्रताप सिंह, लालियानज़ुआला छांगटे, गुरकीरत सिंह, प्रांजल भूमिज, ग्रेग स्टीवर्ट, आयुष छिकारा, जॉर्ज पेरेरीरा डियाज, ग्यामर निकुम।

## कंपाउंड तीरंदाज बेटियां पहली बार विश्व चैंपियन बनीं; ज्योति, परणीत और अदिति की टीम ने जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली ।** विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारतीय बेटियों ने इतिहास रच दिया। ज्योति सुरेखा, अदिति स्वामी और परणीत कौर की टीम ने फाइनल में मैक्सिको को 235-229 से हराकर पहली बार कंपाउंड तीरंदाजी में विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने कोलंबिया को 220-216 से पराजित किया, जबकि क्वार्टर फाइनल में चीनी ताईपे पर कड़े संघर्ष में 228-226 से जीत हासिल की। टीम ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत मुकाबलों में भी इन तीनों तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष आठ में जगह बनाते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। ये तीनों तीरंदाज हांगझू एशियाई खेलों की टीम में भी शामिल हैं। हालांकि कंपाउंड पुरुष और मिश्रित टीम तीरंदाजों ने निराश किया। दोनों ही टीमें क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गईं। ओजस देवताले और ज्योति की मिश्रित टीम को क्वार्टर फाइनल में अमेरिका ने 154-153 से हराया, जबकि अभिषेक वर्मा, ओजस, प्रथमेश जावकर की पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में 230-235 से हार मिली।

### पीएम मोदी ने बधाई

भारतीय टीम को ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। पीएम मोदी ने लिखा 'भारत के लिए यह गर्व का क्षण है, क्योंकि हमारी असाधारण कंपाउंड महिला टीम ने बर्लिन में आयोजित विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। हमारे चैंपियंस को बधाई! उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण यह उत्कृष्ट परिणाम आया है।'



### रीकर्व तीरंदाज ओलंपिक क्वालिफिकेशन से चूके

ओलंपिक में शामिल रीकर्व तीरंदाजी में भारतीय टीम का प्रदर्शन खराब रहा। पुरुष और महिला टीम को क्वार्टर फाइनल में ही हार का सामना करना पड़ा। टोक्यो ओलंपिक से पहले भारतीय पुरुष टीम ने विश्व चैंपियनशिप में ही ओलंपिक टिकट हासिल कर लिया था।

### परणीत की प्रेरणा बनी मिल्खा की जीवनी

पहली बार विश्व चैंपियन बनने वाली कंपाउंड महिला टीम में शामिल परणीत कौर पटियाला की हैं। अध्यापक पिता अवतार सिंह अपनी बेटी परणीत को 2015 में एनआईएस पटियाला लेकर गए। उन्होंने परणीत को तलवारबाजी और तीरंदाजी को दिखाया और कहा कि उन्हें इन दोनों में से कोई एक खेल चुनना है। परणीत ने तीरंदाजी को चुना। वह पंजाबी यूनिवर्सिटी में कोच सुरेंदर कुमार के पास गईं। सुरेंदर की पत्नी गगनदीप कौर 2010 के दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता हैं। उन्हें देखकर परणीत ने रीकर्व की जगह कंपाउंड तीरंदाजी को अपना लिया। अवतार बताते हैं कि परणीत को अंग्रेजी साहित्य और ऑटोबायोग्राफी पढ़ने का शौक है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 06 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

आदर्श रसोई साल दूसरा - सप्ताह 18वां

# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने किया अन्नदान


## राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने आदर्श रसोई का रिबन काटकर किया विधिवत शुभारंभ, धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस

















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर धूमधाम से आदर्श रसोई का आयोजन किया गया।

### आदर्श रसोई का एक साल रहा बेमिसाल

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "राकेश भारद्वाज चौक" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "आदर्श रसोई" ने साप्ताहिक रविवारीय कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### आदर्श रसोई के सदस्यों ने विधिवत रूप से रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने दूसरे वर्ष का 18वां रविवारीय कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया। इस बार आदर्श रसोई ने अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाया। आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की।

पदाधिकारियों ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने एक दूसरे का भव्य स्वागत किया। वहीं, माला और पगड़ी पहनाकर सम्मानित परिवार के सदस्यों का भव्य अभिनंदन किया गया।

### क्या बोले मोहन गर्ग

इस विशेष मौके पर आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि





"**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है। आदर्श रसोई का सालाना कार्यक्रम अपने आप में सफलता का परचम लहरा चुका है। मोहन गर्ग ने कहा कि आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले एक वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। आदर्श रसोई समाजसेवा के क्षेत्र में नित आयाम स्थापित कर रही है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों का बेहद ही उत्साहपूर्वक मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है। और आगामी पीढ़ि के लिए अपने संस्कृति को समझने का मौका मिलता है।

### एक मिशन है आदर्श रसोई: प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा

आदर्श रसोई के प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि अन्न दान के उद्देश्य से शुरू हुई ये संस्था हम सभी के लिए एक मिशन है। निस्वार्थ भाव से जुड़े सभी साथी इसका जीता जागता उदाहरण है। आदर्श रसोई को डेढ़ वर्ष पूरा हो गया है। ईश्वर ने चाहे तो ये साथ निरंतर समाजहित में कार्य करती रहेगी। लोग खुद आगे बढ़कर आदर्श रसोई से जुड़ रहे हैं और इस पुण्य के कार्य में सामाजिक कार्यों की आहूति दे रहे हैं।


### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। कपाही परिवार द्वारा आदर्श रसोई का पहला टोकन देकर रसोई की शुरूआत की गयी। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था।
साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई। निशुल्क पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।











# बीजापुर : स्थाई वांरटी तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**टीम एक्शन इंडिया/बीजापुर**
**जिले में** चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत तीन स्थाई वांरटी नक्सलियों ने शनिवार को बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय, उप पुलिस अधीक्षक आप्स सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तुलसी राम लेकाम के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित में गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत जनमिलिशिया कमाण्डर सन्नू पूनेम उर्फ रमेश पिता मासा पूनेम उम्र 35 वर्ष निवासी टोटापारा बुरजी, आरपीसी बुरजी डीएकेएमएस सदस्य सोनू पूनेम पिता मासा पूनेम उम्र 44 वर्ष जाति मुरिया साकिन टोटापारा एवं आरपीसी पुसनार संघम सदस्य आयतु पूनेम पिता पाण्डू पूनेम उम्र 49 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार शामिल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सन्नू पूनेम ऊर्फ रमेश पिता मासा, नक्सली संगठन में वर्ष 2003 में गंगालूर एरिया कमेटी में बुरजी संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुआ। वर्ष 2004 में गंगालूर एरिया कमेटी में डीएकेएमएस सदस्य के पद पर संगठन का कार्य दिया गया।

## पश्चिम बंगाल के गवर्नर ने वापस लौटाई बंदी मुक्ति की सूची

**कोलकाता। पश्चिम** बंगाल सरकार और राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस के बीच में नए सिरे से टकराव शुरू हो गए हैं। स्वतंत्रता दिवस के दिन कैदियों को रिहा किए जाने वाली सूची राजभवन की ओर से वापस लौटा दी गयी है। राज्यपाल का मानना है कि 15 अगस्त के लिए भेजी गई सूची त्रुटिपूर्ण है। इसलिए उन्होंने इस सूची के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है। गवर्नर बोस जानना चाहते थे कि यह सूची किस आधार पर तैयार की गई है। दरअसल 15 अगस्त और 26 जनवरी के बीच जेलों में बंद विभिन्न कैदियों की सूची तैयार की जाती है। इस सूची में उन कैदियों के नाम होते हैं जिनके अच्छे बर्ताव को देखते हुए रिहा किया जाना होता है। कई पहलुओं से जांच के बाद इस सूची को तैयार करते हैं।

# पाकिस्तान गई अंजू और नसरूल्लाह के खिलाफ पति ने कराया मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अलवर**
**राजस्थान** के अलवर जिले के भिवाड़ी से पाकिस्तान गई अंजू के पति अरविंद ने अपनी पत्नी और पाकिस्तान निवासी नसरुल्लाह के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। भिवाड़ी के सहायक पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अंजू के पति ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई है कि उसकी पत्नी अंजू को नसरुल्लाह ने पाकिस्तान बुलाकर शादी कर ली जबकि वह शादी शुदा और दो बच्चों की मां है। उसे फोन कर धमकियां दी जा रही हैं। वह और उसका परिवार काफी परेशान है। उनके साथ धोखा हुआ है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 494 और 506 में प्रकरण दर्ज किया है। इसके



अलावा आईटी एक्ट में 43/66 लगाई है। उन्होंने बताया कि मामला अंतरराष्ट्रीय होने के कारण उच्च अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन लेकर कार्रवाई की जाएगी। भिवाड़ी से अचानक पाकिस्तान गई अंजू और नसरुल्लाह की लव स्टोरी में रोज नए राज सामने आ रहे हैं। रोज नई कहानियां पाकिस्तान से पेश की जा रही हैं। अपने प्रेमी के प्यार में अचानक पाकिस्तान पहुंची अंजू ने हर किसी को चौंका दिया था। उसके बाद अंजू ने वहां पहुंचने के बाद कहा था कि वो सिर्फ छह दिन के लिए पाकिस्तान गई है और जल्द लौट आएगी। इस बात को अभी दो दिन ही बीते थे कि पाकिस्तान में नसरुल्लाह से निकाह करके एक बार फिर अंजू ने सबको चौंका दिया। वह बुर्का पहन कर लोगों को हैरान कर रही है।

'प्राकृतिक खेती' राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने गांधीनगर में सीएम आवास से सीएम डैशबोर्ड के जरिए कलेक्टरों एवं डीडीओ के साथ किया संवाद

# 'प्राकृतिक कृषि को मिशन बनाकर देश में ला सकते हैं क्रांति'

**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर,**
**राज्यपाल** आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के सभी जिला कलेक्टरों और जिला विकास अधिकारियों (डीडीओ) से प्राकृतिक कृषि उत्पादों की बिक्री व्यवस्था को तहसील एवं जिला स्तर पर और अधिक सुदृढ़ करने तथा प्राकृतिक कृषि का दायरा बढ़ाने के लिए मिशन के अनुरूप काम करने का अनुरोध किया। शनिवार को गांधीनगर स्थित मुख्यमंत्री निवास से सीएम डैशबोर्ड के जरिए कलेक्टरों और डीडीओ



के साथ संवाद करते हुए उन्होंने यह बात कही। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि केन्द्र सरकार रासायनिक खाद के उपयोग को कम करने के लिए लगातार चिंतित है। प्राकृतिक कृषि तभी परिणामदायी होगी, जब हम रासायनिक खाद का उपयोग कम कर सकेंगे। रासायनिक खाद के बेहिसाब इस्तेमाल से भारत की भूमि तेजी से बंजर हो रही है, हवा-पानी प्रदूषित हो गए हैं तथा ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसी स्थिति में प्राकृतिक खेती ही एकमात्र उपाय है। राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक कृषि को मिशन बनाकर हम देश में बड़ी क्रांति ला सकते हैं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कलेक्टरों और डीडीओ से प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार की मजबूत एवं निश्चित व्यवस्था करने तथा हर महीने उस व्यवस्था की समीक्षा करने का अनुरोध किया।

